हरिभूमि
रायपुर भूमि

**सबसे ज्यादा सराफा में सौ करोड़ से ज्यादा और ऑटोमोबाइल्स में 80 करोड़ की खरीदारी**



## सराफा में सुबह से रात तक रौनक

राजधानी रायपुर के सराफा बाजार में सुबह से लेकर रात तक रौनक रही। कारोबारियों ने तो सुबह को 8 बजे से ही दुकानें खोल दी थीं। सराफा कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक ग्राहक सुबह से ही आने लगे थे। बाजार में जमकर खरीदारी हुई है। लोगों ने अपनी पसंद के जेवरों के साथ सोना और चांदी भी खरीदा। सबसे ज्यादा कारोबार राजधानी रायपुर में हुआ है। इसी के साथ बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव सहित बड़े से लेकर छोटे शहरों में भी लोगों ने जमकर खरीदारी की है। पूरे प्रदेश में सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है।



# अक्षय तृतीया पर बूम रहा बाजार, एक ही दिन में दो सौ करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अक्षय तृतीया के दिन शुक्रवार को राजधानी के साथ ही प्रदेशभर के बाजार में भारी बूम रहा। एक ही दिन में दौ सौ करोड़ का कारोबार हो गया है। सबसे ज्यादा सराफा में सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। इसके बाद ऑटोमोबाइल्स में करीब 80 करोड़ के वाहन बिके हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और बर्तन बाजार को मिलाकर भी 20 करोड़ के आसपास ▶▶| शेष पेज 10 पर



### 25 फीसदी ज्यादा बिके वाहन

प्रदेश में आमतौर पर रोज ही करीब दो हजार दोपहिया और दो सौ के आस-पास चारपहिया वाहन बिकते हैं। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त के कारण आज के दिन 25 फीसदी ज्यादा वाहन बिके हैं। ऐसे में करीब ढाई हजार दो पहिया और ढाई सौ चार पहिया वाहन बिकने का अनुमान है। इसकी कीमत करीब 80 करोड़ है। एक बाइक औसत 80 हजार की और एक कार औसत 20 लाख की मानते हैं। राजधानी ऑटोमोबाइल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक अक्षय तृतीया के कारण 20 से 25 फीसदी कारोबार ज्यादा हुआ है।

### कपड़ा-इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी रहा गुलजार

कपड़ों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी गुलजार रहा। इसमें ज्यादा तो नहीं, लेकिन फिर भी अच्छी खरीदारी हुई है। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विद्रानी के मुताबिक दस करोड़ के आसपास कारोबार हो गया है। इसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तनों को मिलाकर भी करीब दस करोड़ का कारोबार प्रदेशभर में हुआ है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत केंद्र से एक लाख का सामान पार

**रायपुर।** सिलयारी विद्युत केंद्र में चोरी हो गई। अज्ञात चोर 4 मई की रात में विद्युत केंद्र में प्रवेश कर ट्रांसफार्मर, ऑयल सहित अन्य बिजली के सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 1 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट विद्युत केंद्र के धीरेंद्र कुमार सिंह ने धरसींवा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

**रायपुर।** कौशल्या माता विहार सेक्टर-2 में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी हेमंत निर्मलकर ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है। घटना 7 मई की शाम से 9 मई की रात 8 बजे के दरमियान की है। इस दौरान प्रार्थी का पूरा परिवार बाहर गया था। घर में ताला लगा हुआ था। परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो आलमारी से नकदी 20 हजार रुपए एवं लगभग 60 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जबरन घर में प्रवेश, सो रहे व्यक्ति पर हमला

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने सोते हुए व्यक्ति पर हमला करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थिया सुमन चेलक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 9 मई को दोपहर में उसके पिता घर में सो रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर में जबरन प्रवेश किया और उसके पिता पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो पीटा, 2 पर केस दर्ज

**रायपुर।** शराब खरीदने के लिए पैसे नहीं देने की बात पर मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध सरस्वती नगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सोहन वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे गांधी नगर पंडरी में आरोपी हसन खान और आसिफ खान ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब उसने इनकार कर दिया तो इस बात पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने किसी नुकीली चीज से मारकर उसे घायल कर दिया।

### रायपुर के 83.19% ने उत्तीर्ण की हायरसेकंडरी परीक्षा, हाईस्कूल में पास हुए हैं 71.64%

# सबसे फिसड्डी जांजगीर-चांपा, दूसरे नंबर पर बिलासपुर, राजधानी औसत, टॉप पर जशपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारहवीं कक्षा में इस बार सबसे खराब प्रदर्शन जांजगीर का रहा है। इससे भी चौंकाने वाली बात यह है कि खराब नतीजों की श्रेणी में दूसरे स्थान पर बिलासपुर रहा है। ना सिर्फ बारहवीं कक्षा बल्कि दसवीं में भी बिलासपुर का प्रदर्शन खराब रहा है। दसवीं कक्षा में फिसड्डी जिलों की सूची में बिलासपुर तीसरे पायदान पर रहा है। यदि दसवीं-बारहवीं दोनों के ही परिणाम मिलाकर औसत प्रदर्शन देखा जाए तो सबसे कमजोर जांजगीर-चांपा रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर बिलासपुर है। कोचिंग सेंटर से लेकर अन्य तमाम सुविधाएं होने के बाद भी यहां के छात्रों के कमजोर प्रदर्शन से शिक्षाविद हैरान हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर


शाबाश शब्बा... महक उठी बेटियां
दसवीं में 75.61 फीसदी तथा बारहवीं में 80.74 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण, दोनों ही कक्षाओं में टूटा रिकॉर्ड
सरस्वती शिशु मंदिर से सिर्फ 2 छात्र

### सर्वाधिक छात्र संख्या रायपुर में

दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में सर्वाधिक छात्र संख्या राजधानी के छात्रों की रही है। दसवीं में 29 हजार 724 तथा बारहवीं में 21 हजार 129 छात्र शामिल हुए हैं। रायपुर के अलावा सर्वाधिक छात्र संख्या वाले जिलों में बिलासपुर और दुर्ग शामिल हैं। दसवीं कक्षा में दुर्ग में 17 हजार 541 व बिलासपुर में 23 हजार 349 छात्र शामिल हुए हैं। इसी तरह से बारहवीं में दुर्ग के 13 हजार 251 और बिलासपुर के 19 हजार 3 छात्र शामिल हुए।

### कक्षा-12वीं: जांजगीर चांपा सबसे कमजोर

जांजगीर-चांपा में जहां सिर्फ 63.28% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं तो वहीं बिलासपुर के 66.97% छात्र पास हुए हैं। शेष या तो फेल रहे हैं अथवा उन्हें पूरक श्रेणी में रखा गया है। जशपुर के अलावा बालोद, महासमुंद और कांकेर का भी प्रदर्शन अच्छा रहा है। महासमुंद में 91.61% बालोद में 91.17% तथा कांकेर में 92.08% छात्र सफल रहे हैं। ये जिले प्रदर्शन के हिसाब से रायपुर से भी आगे निकल गए हैं।

### महासमुंद, कांकेर, बालोद से पीछे राजधानी

रायपुर का प्रदर्शन बारहवीं कक्षा में औसत रहा है। वहीं दसवीं कक्षा में छात्रों का प्रदर्शन भी अपेक्षा अनुरूप नहीं रहा है। राजधानी रायपुर के 83.19% छात्रों ने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। कांकेर, महासमुंद, बालोद जैसे अपेक्षाकृत छोटे जिले भी बारहवीं कक्षा में रायपुर से आगे रहे हैं। वहीं दसवीं कक्षा में रायपुर के सिर्फ 71.64% छात्र ही उत्तीर्ण हुए हैं। छात्रों का प्रतिशत बढ़ाने तमाम तरह के प्रयास किए गए थे, लेकिन इसका विशेष असर दसवीं कक्षा के नतीजों में नहीं दिखा है।

### कक्षा 10वीं-12वीं के जिलेवार नतीजे

| जिला | दसवीं | बारहवीं |
|---|---|---|
| जीपीएम | 61.46% | 72.63% |
| जांजगीर-चांपा | 61.89% | 63.28% |
| बिलासपुर | 63.28% | 66.97% |
| बेमेतरा | 64.80% | 78.56% |
| बलौदाबाजार | 68.79% | 76.87% |
| मुंगेली | 68.82% | 78.61% |
| सारंगढ़ | 68.82% | 70.49% |
| सक्ति | 70.94% | 72.19% |
| रायपुर | 71.64% | 83.19% |
| केसीजी | 72% | 81.85% |
| कोरबा | 74.38% | 79.22% |
| एमसीबी | 74.99% | 77.73% |
| कबीरधाम | 75.92% | 82.33% |
| रायगढ़ | 76.10% | 80.03% |
| राजनांदगांव | 76.76% | 83.57% |
| दुर्ग | 76.86% | 83.40% |
| बलरामपुर | 78.35% | 81.51% |
| गरियाबंद | 78.80% | 82.38% |

▶▶| शेष पेज 10 पर

**कोर्ट ने 5 दिन बढ़ाई रिमांड**

# मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी की रिमांड 14 तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में ईडी ने पेश किया स्पेशल कोर्ट में

छत्तीसगढ़ राज्य में कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी की ईडी रिमांड 14 मई तक बढ़ा दी गई। ईडी ने शुक्रवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर मनोज सोनी को विशेष कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी ने दोबारा 14 दिन की हिरासत में लेने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड अवधि बढ़ाने की मंजूरी दी। इसके बाद मनोज सोनी को अब 14 मई को कोर्ट में पेश किया जाएगा। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में करोड़ों का कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से ईओडब्ल्यू की पूछताछ के दौरान ईडी ने मनोज सोनी को 30 अप्रैल को ईओडब्ल्यू के सब जोनल दफ्तर से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी दो बार मनोज सोनी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर ले चुकी है। यह तीसरी बार है जब ईडी ने मनोज सोनी को 5 दिन के लिए रिमांड पर लिया है।

### करोड़ों रुपए घोटाले का आरोप

राज्य में करोड़ों के कस्टम मिलिंग घोटाला में मनोज सोनी पर करोड़ों की अवैध वसूली का आरोप है। इस वसूली में कई अन्य अफसर एवं मिलर्स ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों के भी शामिल होने का अंदेशा है। ईडी रिमांड के दौरान अवैध वसूली के साथ इसमें कौन-कौन हिस्सेदार व संलिप्त हैं, इन सारे सवालों का जवाब जानने के लिए मनोज सोनी से पूछताछ कर रही है।

**मॉकड्रिल में कर्मचारियों को कंडम कोच में लगी आग बुझाने का दिया गया प्रशिक्षण**

# कोच में अचानक लगी आग, रेलवे के कर्मचारी ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यार्ड में खड़ी ट्रेन के एक कोच में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। हादसा दोपहर लगभग 12 बजे हुआ। सूचना मिलते ही कुछ ही मिनटों में रेलवे के कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और कोच से घायल यात्रियों को निकालने की कार्रवाई आरंभ कर दी। लगभग 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इससे पहले खिड़कियों व दरवाजे से यात्रियों को कोच से बाहर निकाला गया। तत्काल धुएं की मेडिकल टीम को बुलाया गया और आक्सीजन करवाई गई और आग बुझाई गई।

असल में यह एक मॉकड्रिल था, ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल राहत और बचाव मिल सके, इसके लिए रेलवे कर्मचारियों ने अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के लिए जोन के यार्ड में बाकायदा ट्रेन दुर्घटना का वह सीन तैयार किया गया। इसमें ▶▶| शेष पेज 10 पर

**यात्रियों की बचाई जान**



### हादसे से निपटने रेलवे कर्मचारियों को कर रहा तैयार

मॉक ड्रिल के जरिए हादसे से निपटने के लिए रेलवे की टीम पूरी तरह से तैयार रहे, यह कार्रवाई समय-समय पर की जाती है। बचाव के दौरान लगने वाले समय का भी आकलन किया जाता है। सबसे जरूरी काम यह होता है कि अधिक से अधिक यात्रियों को हादसाग्रस्त कोच से बाहर निकाला जा सके। कर्मचारियों को बताया कि ट्रेन में आगजनी या हादसे के दौरान यह देखना सबसे जरूरी होता है कि कोच में कितने यात्री सफर कर रहे थे और कोच की ताजा स्थिति क्या है। आगजनी के कारण कोच का तापमान इतना अधिक हो जाता है कि उसके नजदीक जाना जोखिम भरा होता है। जोन में मॉक ड्रिल पूरी तरह से सफल रहा।

### कोच में धुआं देख भागकर पहुंचे कर्मचारी

मॉक ड्रिल के दौरान कंडम कोच में पहले आग लगाई गई, जिसके कुछ मिनट बाद जैसे ही कर्मचारियों ने देखा, कोच से धुआं निकल रहा है, तत्काल कोच में भीतर गए और अग्निशमन उपकरण से आग बुझाने में जुट गए। मॉकड्रिल लगभग एक सवा घंटे तक चला, जिसमें रेलवे कर्मचारियों को सिखाया गया कि कोच में आग लगने के दौरान कैसे बिना घबराए कार्य करना है। साकेत रंजन के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों व संरक्षा सलाहकारों द्वारा कोचिंग डिपो तथा दुर्घटना राहत यान के कर्मचारियों को फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी दी गई।

# जबलपुर-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन रद्द

**रायपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा अपरिहार्य कारणों से जबलपुर से 20 मई से 17 जून 2024 तक (5 फेरे) चलने वाली गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल एवं दुर्ग से 21 मई से 18 जून 2024 तक, 5 फेरे चलने वाली गाड़ी संख्या 01702 दुर्ग-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी के दिनों में ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवां-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# महादेव एप: अर्जुन यादव की रिमांड बढ़ी, देर रात छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव एप सट्टेबाजी से जुड़े मामले में बर्खास्त पुलिस आरक्षक अर्जुन यादव को फिर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर ईओडब्ल्यू के सुपुर्द किया गया है। अर्जुन यादव की रिमांड अवधि का शुक्रवार को अंतिम दिन था। ईओडब्ल्यू ने रिमांड अवधि के अंतिम दिन उसे विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया और कोर्ट से रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की। ईओडब्ल्यू ने अपनी अर्जी में बताया कि अर्जुन यादव से पूछताछ में कई राज खुल सकते हैं, इसलिए पूछताछ के लिए रिमांड पर लेना जरूरी है। कोर्ट ने इसके बाद 14 मई तक की रिमांड अवधि को मंजूरी दी है।

**पूछताछ में अहम सुराग मिले:** बर्खास्त आरक्षक अर्जुन यादव को ईओडब्ल्यू की टीम ने मध्यप्रदेश के पिपरिया जिले के हिल्स स्टेशन पंचमढ़ी से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड पर लेने के बाद ईओडब्ल्यू ने उससे लगातार पूछताछ की, जिससे कई अहम सुराग मिले हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कुम्हारी और दुर्ग भिलाई में छापे

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्ल्यू के छापे शुक्रवार को भी जारी रहे। देर रात कुम्हारी सहित दुर्ग-भिलाई में पांच स्थानों पर छापा मारे जाने की सूचना है। इसमें कुम्हारी के एक ट्रेडर्स का नाम भी सामने आ रहा है। ईओडब्ल्यू द्वारा देर रात तक पड़ताल जारी रही। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल कुम्हारी एवं दुर्ग-भिलाई में भी तैनात रही।



पेज 9 के शेष

## अक्षय तृतीया पर बूम ......

का कारोबार हो गया है, लेकिन अब बाजार में करीब दो माह तक सन्नाटा रहने वाला है, क्योंकि अक्षय तृतीया के बाद अब दो माह तक शादियों का कोई मुहूर्त नहीं है। ऐसा 23 साल बाद हो रहा है। ऐसे में करीब 400 करोड़ का कारोबार दो माह में प्रभावित हो जाएगा।

## सबसे फिसड्डी .....

प्रदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन जशपुर का रहा है। यह प्रदेश का एकलौता जिला है, जहां दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 95% से अधिक रहा है। 10वीं में जहां जशपुर के 96.49% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं तो वहीं बारहवीं में यहां के 96.10% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। शेष छात्रों में से आधे पूरक श्रेणी में हैं। अर्थात इस जिले में फेल होने वाले छात्रों की संख्या अत्यधिक कम है। प्रावीण्य सूची में भी इस जिले के कई छात्रों ने जगह बनाई है। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को दसवीं-बारहवीं के परिणामों की घोषणा की गई है। **कक्षा-दसवीं : गौरेला-पेंड्रा-मरवाही सबसे नीचे** - गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के छात्रों ने दसवीं में सबसे कमजोर प्रदर्शन किया है। यहां सिर्फ 61.46% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। इसके बाद जांजगीर-चांपा में 61.89% बिलासपुर में 63.28% तथा बेमेतरा में 64.80% उत्तीर्ण रहे हैं। सुकमा, एमएमएसी अर्थात मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कांकेर भी उन जिलों में हैं, जहां 90 प्रतिशत से अधिक छात्र सफल रहे हैं।

## कक्षा 10वीं-12वीं .....


| | | |
|---|---|---|
| सूरजपुर | 79.47% | 79.66% |
| कोंडागांव | 81.08% | 80.75% |
| धमतरी | 81.15% | 87.55% |
| बालोद | 81.85% | 91.17% |
| बीजापुर | 82.09% | 80.92% |
| महासमुंद | 84.17% | 91.61% |
| कोरिया | 84.25% | 87.27% |
| दंतेवाड़ा | 85.13% | 83.99% |
| सरगुजा | 86.02% | 84.83% |
| बस्तर- | 86.89% | 86.03% |
| नारायणपुर | 87.22% | 80.59% |
| सुकमा | 90.61% | 86.85% |
| एमएमएसी | 91.97% | 91.40% |
| कांकेर | 92.44% | 92.08% |
| जशपुर | 96.49% | 96.10% |

## कोच में अचानक ....

एक ट्रेन में आगजनी को दर्शाया गया था। मॉक ड्रिल में आग लगने के दौरान पास के अग्निशमन केंद्र का संपर्क नंबर एवं फायर ब्रिगेड हेल्पलाइन नंबर 112 को मुंह जुबानी याद रखने की सलाह भी दी गई

## महादेव एपः अर्जुन ....

ईओडब्ल्यू के अधिकारियों को यकीन है कि अर्जुन से और कई अहम सुराग मिल सकते हैं, इसलिए उससे और विस्तृत पूछताछ करना चाहते हैं। इस संभावना को देखते हुए ईओडब्ल्यू ने 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लेने आवेदन लगाया, जिसे न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद स्वीकार कर 14 मई तक अर्जुन को ईओडब्ल्यू को सौंपने का आदेश सुनाया। **बैंकों में करोड़ों रुपये जमा करने के मिले सबूत !** : सूत्रों के अनुसार अर्जुन यादव के कई बैंक खातों में करोड़ों रुपए जमा होने के भी सुबूत मिले। इसके आधार पर ही ईओडब्ल्यू की कई टीम भिलाई-दुर्ग और रायपुर समेत कई जिलों के बैंको में जांच भी कर रही है। हालांकि ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों की मानें, तो कार्रवाई पूरी होने के बाद ही ईओडब्ल्यू के अधिकारी सिलसिलेवार इसका खुलासा करेंगे।




10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं एक महत्वपूर्ण चरण होती हैं जिसमें विद्यार्थी अपनी शिक्षा के प्राप्ति के लिए मेहनत करते हैं। इन परीक्षाओं के पास होना एक गर्वशील क्षण होता है, जो विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रत्येक विद्यार्थी के प्रयास, मेहनत और संघर्ष उन्हें उनके लक्ष्यों की ओर ले जाते हैं। इन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान और अध्ययन की अच्छी तैयारी की आवश्यकता होती है, बल्कि उन्हें सामग्री को समझने और उसे सही तरीके से प्रस्तुत करने का भी तरीका सीखना पड़ता है। वे अनेक संदेशों, कक्षाओं, और विषयों को समझने के लिए तैयार होते हैं। इस समय तक की परीक्षा परिणाम के बाद, जब छात्र सफल होते हैं, तो इसका संदेश समाज में बड़ी ऊर्जा का स्रोत बन जाता है। उन्होंने अपनी संघर्ष और मेहनत के बल पर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया होता है। इससे न केवल वे अपने लिए, बल्कि अपने परिवार, समाज और देश के लिए भी एक उत्तम उदाहरण साबित होते हैं। यह परीक्षाएं होने के बाद, विद्यार्थियों के जीवन में एक नई दिशा और दृष्टिकोण आता है। यह उनके लिए एक सांघर्षिक, मानसिक, और आत्मिक विकास का समय होता है। इसके साथ ही, वे अपने भविष्य के लिए नई सपनों और लक्ष्यों की ओर अग्रसर होते हैं। अतः, सभी 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सफल होने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उनकी मेहनत और उद्यम का सम्मान करते हुए, हमें विश्वास है कि वे अपने भविष्य में भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होंगे।
























## खबर संक्षेप

### पुतरा- पुतरी की शादी बच्चों ने शानदार रचाई



**तरपोंगी।** अक्षय तृतीया के अवसर पर गांव के छोटे छोटे बच्चों ने पुतरा पुतरी का धूमधाम से विवाह रचाया।तेल माटी चुलमाटी टीकावन व भांवर की सभी रस्मे बच्चों के द्वारा सम्पन्न हुआ।

### सशिमं छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**तिल्दा नेवरा।** 10 वी व 12 वी कक्षा के परीक्षा परिणाम सरस्वती शिशु मंदिर का काफी उत्कृष्ट रहा है। तिल्दा विद्यालय में कक्षा 10 वी में 41 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमे 39 उत्तीर्ण हुए है एवं 2 पूर्व आए है। साथ ही यहां पर छात्रा टिकेश्वरी वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है ,पूर्णिमा साहू ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही। लीलेश यादव शीतल वर्मा ने 92 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किए है। यहां छात्राओं ने बाजी मारी है।

## परिणाम : सालभर की रूटिंग को फॉलो करने से सफलता मिली है : रिया सिंह

# 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा में बिटियां टॉप पर, धरसींवा का नाम किया रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा / कूंरा

धरसींवा ब्लाक के बेटियों ने 10वी,12वी की परीक्षा मे टॉप 10 मे जगह बनाने के साथ साथ क्षेत्र की बेटीयो ने धरसींवा का नाम रौशन किया हैं। बेटियों ने आखिर कार बता दिया की पस्थिति कैसे भी हो पढ़ाई जारी रखना था , लेकिन उसके मजबूत इरादे और कठिन संघर्ष से उसने सफलता हासिल किया। पिता पर घर के चार लोगों के पेट पालने की जिम्मेदारी है।इधर पिता को मिलने वाली रकम घर के लिए दो वक्त की रोटी खाने में चला जाता हैं। कहते है न कि हौसले बुलंद हो और इरादे मज़बूत हो तो हर राह आसान हो जाता है इंसान में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो कामयाबी उसके कदम चूमती है।

बता दे कि जगमोहन स्कूल सिलतरा की छात्रा ने 10वी टॉप टेन मे जगह बनाई हैं। आठवां रैंक लाने वाली रिया सिंह ने कहा कि, मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं। यह सफलता एक स्ट्रेटजी का नतीजा है। जो दसवीं में एडमिशन लेने के साथ ही शुरू हो गई थी। साल भर एक रूटिंग को फॉलो करने से सफलता मिली है। रिया ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुझे भी और स्टूडेंट की तरह पढ़ते समय नींद आती थी। इसके बाद मैं कुछ देर पढ़ाई बंद कर टहलने लग जाती थी। शरीर में फिजिकल एक्टिविटी होने के बाद फिर रिचार्ज होकर पढ़ने बैठ जाती थी। वही ग्राम गोढ़ी की छात्रा पूर्वां वर्मा ने भी ऐसे ही अपने गांव का नाम रोशन किया हैं, बचपन मे पिता के चले जाने के बाद उन्होंने हार नहीं मानी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहदी की छात्रा ने 12वी मे 90% के साथ स्कूल मे प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं और अपने गांव का नाम रौशन किया हैं। पूर्वां वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया की आगे चलकर वह सीए बनना चाहती हैं।



ज्ञानदीप विद्या मंदिर माँढर की छात्रा आयुषी वर्मा पिता योगेश वर्मा ने 10वी मे 78.33% लाकर अपने गांव सहित माता पिता का नाम रौशन किया हैं। आयुषी वर्मा से बातचीत करने पर उन्होंने बताया की वह आगे चलकर इयर हॉसटेज बनना चाहती हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल कुंरा की छात्रा प्रियंका शर्मा पिता प्रमोद शर्मा ने 10वी मे 92% अंक अर्जित कर अपने माता पिता सहित स्कूल का नाम रोशन किया हैं।

### इन्हों ने भी बाजी मारी

धरसींवा ब्लाक के ग्राम मोहदी हायर सेकेण्डरी के प्रतिभावान छात्राओं सम्मान किया गया जंहा मोहदी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 10वी की छात्रा के अंसिका ठाकुर 98.17%अंक हासिल कर सीजी टाप टेन में 4स्थान प्राप्त किया,साथ ही 12वी की छात्रा कु पूर्वा वर्मा ने 91%अंक हासिल कर स्कूल व पूरे छेत्र को गौरवान्वित किया जिसके लिए स्कूल में छात्राओं को बधाई दिया गया। वही विधायक श्री अनुज शर्मा ,पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल ने फोन के माध्यम से पूरे परिवार व स्कूल स्टाफ को बधाई दिए साथ ही स्कूल के प्राचार्य श्री राकेश चंद्रवंशी ,शाला विकास प्रबंधन अध्यक्ष श्रीमती रूखमणी सिवारे, पूर्व अध्यक्ष नर्सिंग वर्मा,बी आर सी मुरारी वर्मा ,सीएसी बरबंदा सिवारे सर ,व्याख्याता देव कुमार साहू ,धर्मु वैष्णव ,श्री रितेश जायसवाल विमल वर्मा, श्री खूबचंद वर्मा,जी एवं पूरे स्टाफ एवं पालकों ने बधाई दी।

# 10 वीं व 12वीं में गांधी स्कूल का का रिजल्ट उत्कृष्ट, भावेश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल आरंग के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में गणित के छात्र भावेश देवांगन ने आरंग नगर पालिका में उच्चतम 91 प्रतिशत के साथ प्रथम व गजल चंद्राकर ने 90.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं के 37 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने एवं कक्षा दसवीं में शामिल 42 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त किया। होमेश साहू ने विद्यालय स्तर पर 85 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में वाणिज्य से राशि गुप्ता ने 82.80 प्रतिशत प्रथम, लिमेश चंद्रकार 77.60 प्रतिशत द्वितीय, राहुल चंद्राकर 75 प्रतिशत तृतीय, जीव–विज्ञान से तृषा चंद्राकर 84.60 प्रतिशत प्रथम, लिमेश चंद्राकर 77.60 प्रतिशत द्वितीय, राहुल चंद्राकर 75 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा दसवीं में निशिका तंबोली 92.83 प्रतिशत प्रथम, पलक चंद्राकर 91.67 प्रतिशत द्वितीय तथा आदित्य शर्मा 91.50 प्रतिशत एवं युवराज कौर 91.50



प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा बारहवीं में तृषा चंद्राकर 84.60 प्रतिशत, राशि गुप्ता 82.80 प्रतिशत, खुशबू जलछत्री 80.40 प्रतिशत, कक्षा दसवीं में विकास कुमार साहू 90.17 प्रतिशत, रेहान रजा 89.50 प्रतिशत, पुष्पांजलि साहू 89.33 प्रतिशत, —ष्णा दीवान 88.17 प्रतिशत, शानू ध्रुव 88 प्रतिशत, अदिति साहू 87.17 प्रतिशत, सोनम कंसारी 85.33 प्रतिशत, अदिति शर्मा 85.17 प्रतिशत, हर्षित बघेल 84.83 प्रतिशत, अपर्णा साहू 84 प्रतिशत, योगेश चंद्राकर 81.67 प्रतिशत, सुहानी चंद्राकर 80.67 प्रतिशत, प्रणव चंद्राकर 80.33 प्रतिशत, खुशी पटेल 80.17 प्रतिशत, वाणी साहू 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की प्रावीण्यता में अग्रणी रहे। विद्यालय की प्राचार्या पुष्पलता जार्ज एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। विद्यालय के संचालक यशवंत चतुर्वेदी ने शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।




### // आम सूचना //



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सुनील कुमार आहूजा पिता स्व. श्री भागचंद आहूजा निवासी पानी टंकी के सामने सेक्टर 2 अवंति विहार रायपुर द्वारा फोटो में दिखाई दे रहे, अपने पुत्र अभिषेक आहूजा उम्र 30 वर्ष, को उसके व्यवहार के चलते अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा अपने उक्त पुत्र को अपनी सम्पत्ति में हिस्सा प्रदान कर दिया गया है, तथा अब आगे मेरे पक्षकार के पुत्र अभिषेक का मेरे पक्षकार की सम्पत्ति में तथा मेरे पक्षकार के व्यवसाय भागचंद आनंदराम में कोई हक व अधिकार नही है । अभिषेक आहूजा से मेरे पक्षकार का पुत्र होने की हैसियत से कोई भी व्यक्ति लेन देन न करें। इसके बाद भी अगर कोई भी अभिषेक आहूजा से मेरे पक्षकार पुत्र होने की हैसियत से लेन देन करता है तो उसमें मेरे पक्षकार व मेरे पक्षकार के परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जवाबदारी नही रहेगी, लेन देन करने वाले व्यक्ति स्वयं ही जिम्मेदार रहेंगे, तथा मेरे पक्षकार व मेरे पक्षकार के परिवार के किसी भी अन्य सदस्य द्वारा ऐसे किसी भी लेनदार को अभिषेक आहूजा द्वारा उससे ली गई रकम या सामान की भरपाई व अदायगी नही की जायेगी। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक: 8/5/2024
अनिल राजपाल (अधिवक्ता)
रमण मंदिर के पास, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9827872822, 9406319400

कार्यालय रा.नि.मं. चंदखुरी
तहसील मंदिरहसौद, जिला रायपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार मोदी पिता/पति का नाम- स्व. कैलाश निवासी रायपुर ग्राम नरदहा प.ह.नं. 1 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिरहसौद जिला- रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1563, 1565, 1566/1, 1566/2, 1567, 1568, 1574, 1577, 1578 रकबा क्रमशः 0.10, 0.21, 0.23, 0.10, 0.40, 0.17, 0.20, 0.68, 0.87 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/बटांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद आदेश दिनांक 18/04/2024 के परिपालन में दिनांक 15.05.2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. चंदखुरी

# लोस चुनाव : आरंग में 72.33 प्रतिशत मतदान

**आरंग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 आरंग क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड आरंग में 247 मतदान केंद्र एवं तीन सहायक केंद्र बनाए गए थे एवं इनमें मतदाताओं में अच्छा उत्साह देखा गया तथा लगभग 72.33 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 73.99 एवं महिला मतदाताओं का प्रतिशत 70.68 तथा थर्ड जेंडर का प्रतिशत 40 रहा। आंकड़ों की –ष्टि से देखा जाए तो गत लोकसभा निर्वाचन चुनाव से इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ा है। लोग लंबी–लंबी लाइनों में लगकर भी मतदान के प्रति उत्साहित दिखाई दिए। वही मतदान बूथों में मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ अन्य सुविधाओं ने भी मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रभावित किया। जबकि आरंग नगर पालिका अंतर्गत 19 मतदान



केन्द्रो में औसतन 73.90 प्रतिशत मतदान हुआ। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुमार सिंह लहरे के प्रभावी निर्देशन में समस्त अधिकारी सहित स्वीप जागरूकता टीम आरंग की रोचक गतिविधियों ने मतदाताओं को 100 प्रतिशत वोट के लिए प्रेरित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके इसके लिए एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वीप जागरूकता गतिविधियों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता मिली है ।

# अक्ती पर बच्चों ने की गुड्डा-गुड़िया की शादी



**आरंग।** अक्षय तृतीया का इंतजार बच्चों को विशेष रूप से रहता हैं। इस दिन बच्चे गुड्डा–गुड़िया का विवाह संपन्न कराने में उत्साहित रहते हैं। बच्चे उत्साह के वातावरण में गुड्डा–गुडिया का विधि–विधान से हल्दी तेल मायन का रस्म अदायगी करते है। बारातियों का स्वागत एवं टीकावन का कार्यक्रम भी होता है। खासकर ग्रामीण अंचलों में इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस पर्व को अक्ती तिहार के नाम से भी जाना जाता है। अक्ती के दिन मिट्टी से बने गुड्डा–गुडिया की शादी पूरे रीति–रिवाज से संपन्न किया जाता है। घर परिवार मोहल्ले में बच्चों के साथ–साथ बड़े बुजुर्ग भी गुड्डे–गुडिया के विवाह में सम्मिलित होते है। वहीं अंचल के विभिन्न ग्रामों में गुड्डा–गुडिया का विवाह हर्षोल्लास से मनाया गया।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




न्यायालय अति. तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

ग्राम बिरोदा प.ह.नं. 17
रा.प्र.क्र. 202404111100066 / अ-06 (अ)
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विद्याशंकर साहू पिता श्री रेवाराम साहू निवासी ग्राम बिरोदा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम बिरोदा पटवारी हल्का नंबर 17 रा.नि.म. केन्द्री तहसील अभनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 483/21 रकबा क्रमशः 0.113 हे राजस्व अभिलेख एवं ऋण पुस्तिका में दर्ज है। वर्तमान ऑनलाईन भू-नक्शा में सुधार कर ख.नं. 483/21 एवं मूल नक्शा में 483/21 दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र माननीय अनुविभागीय अधिकारी रा. अभनपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया जो जाँच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण क्रमांक 202404111100066/अ- (06) अ / वर्ष 2023-24 इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था /समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 20/05/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25/04/2024 को जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
अभनपुर,
जिला रायपुर (छ.ग.)

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** ज्योति मेश्राम पिता/पति देवदास मेश्राम, डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, संजीव कुमार रावते पिता/पति सुकल रावते, पंचमुखी हनुमान मंदिर चौक बंधवापारा रायपुर, निरा आजाद पिता/पति लखेश्वर आजाद, संत कबीरदास वार्ड 3 गोगाँव रायपुर, खुशबु साठे पिता/पति रविन्द्र साठे, अश्विनी नगर रायपुर, निर्धन कुमार बिप्रे पिता/पति राम खिलावन बिप्रे, अमलीडीह रायपुर, कीर्ति गायकवाड पिता/पति महेश गायकवाड, तेलीबांधा रायपुर, उमेश कुमार नंदे पिता/पति स्व. गोकुल राम नंदे, विकाश नगर गुढ़ियारी रायपुर, उमेश पूरी गोश्वामी पिता/पति मोहन पूरी गोश्वामी, दूधाधारी मंदिर मठपारा रायपुर, सजन कुमार शर्मा पिता/पति रूपचन्द्र शर्मा, सत्यनारायण धर्मशाला के पीछे लोधीपारा रायपुर, मनोज साय पैकरा पिता/पति मोहन साय पैकरा, आर.डी.ए. छोटी कॉलोनी टिकरापारा रायपुर, किरण यादव पिता/पति पुरुषोत्तम यादव, लक्ष्मी नगर रायपुर, राहुल शर्मा पिता/पति स्व. रामकुमार शर्मा, राजेंद्र नगर उरला वार्ड 2 रायपुर, रुकमनी पटेल पिता/पति डी.के. पटेल, दंतेश्वरी मंदिर के पीछे सतीश टेलर गली कुशालपुर रायपुर, रमेश पूरी गोश्वामी पिता/पति सचिदानंदपूरी गोश्वामी, दूधाधारी मंदिर मठपारा रायपुर, भोलाराम साहू\ पिता/पति स्व. नरेश कुमार साहू, संतराम दास वार्ड 19 कृष्णा नगर रायपुर, लव यदु पिता/पति रामावतार यदु, महामाई पारा पुरानी बस्ती रायपुर, चेतना साहू पिता/पति शिवकुमार साहू, प्रोफ़ेसर कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, मंजू यादव पिता/पति राजेंद्र सिंह यादव, मठपारा रायपुर, श्रेया ठाकुर पिता/पति सुभाष सिंह, सरोना बस्ती रायपुर, अरविन्द मिश्रा पिता/पति राधेश्याम मिश्रा, छोटा अशोक नगर रायपुर, पूनम सोनी पिता/पति मणिकांत सोनी, कुशालपुर शीतला मंदिर रायपुर, नंदकुमार साहू पिता/पति तिरिथराम साहू, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, बुलठु राम नायक पिता/पति स्व.चक्रधारी नायक, शांति नगर सिंचाई कॉलोनी रायपुर, आव्या परगनिहा पिता/पति दिवाकर परगनिहा, गणपति नगर चंगोराभाटा रायपुर, प्रशांत रघाटाटे पिता/पति हेमचंद रघाटाटे, पोस्ट ऑफिस मानाबस्ती रायपुर, जय नारायण मिश्रा पिता/पति स्व.रामदुलारे मिश्रा, किशोर होटल मेन रोड सरोरा रायपुर, चन्द्रकुमार चिजवानी पिता/पति कशुमल चीजवानी, प्रगति विहार कुकरेजा रायपुर,खुशबु यादव पिता/पति राजेंद्र सिंह यादव, मठपारा रायपुर, प्रमोद लोखंडे पिता/पति सीताराम लोखंडे, आंबेडकर चौक टिकरापारा रायपुर, शेख कदीर उल्ला पिता/पति शेख सम्मी उल्ला, कल किराना स्टोर के पास मोवा रायपुर, पद्मिनी साहू पिता/पति निर्मल साहू, विनोबा भावे नगर शांति नगर रायपुर, खोमेश कुमार साहू पिता/पति कमल सिंह, ओम नगर बोरियाखुर्द रायपुर, प्रद्युमन सिंह यादव पिता/पति राजेंद्र सिंह यादव, मठपारा रायपुर, राजेश ध्रुव पिता/पति स्व.जगन्नाथ ध्रुव, रामसागर पारा रायपुर, घनश्याम दास जझेजा पिता/पति दौलत राम जझेजा, शिवानन्द नगर सेक्टर 3 रायपुर, राजेंद्र सिंह यादव पिता/पति फुल सिंह यादव, मठपारा रायपुर, अनीता सेन पिता/पति मनोज सेन, मठपारा रायपुर, कामिनी पटेल पिता/पति टिकाराम पटेल, गोंदवारा रोड शिक्षा नगर रायपुर, चन्दन सोनी पिता/पति राजकुमार सोनी, छत्तीसगढ़ नगर रायपुर, सुभाष सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. शिवलाल सिंह ठाकुर, सरोना वार्ड -70 रायपुर, चतुर सिंह निर्मलकर पिता/पति फुलसिंह निर्मलकर, वार्ड न. 55 कृष्णा नगर संतोषी नगर रायपुर, धनेश्वर प्रसाद मरकाम पिता/पति पीलाराम मरकाम, लक्ष्मण नगर रायपुर, सूरज यादव पिता/पति स्व. सियाराम यादव, हनुमान नगर मठपारा रायपुर, इतवारी खरे पिता/पति स्व श्याम रतन यादव, महादेव घाट डी.डी .नगर थाना के पीछे रायपुर, प्रकाश धीवर पिता/पति स्व बेनीराम धीवर, नगर पंचायत कुर्रा वार्ड 5 रायपुर, भीषम वर्मा पिता/पति स्व धुरसिंह वर्मा, अटल अवास कुर्रा धरसिवा, अर्जुन देवांगन पिता/पति लालाराम देवांगन, वार्ड न. 12 न.प. कुर्रा धरसिवा, टिकेन्द्र कुमार देवांगन पिता/पति नेतराम देवांगन, कुर्रा धरसिवा, राम किशुन धीवर पिता/पति स्व. गोवर्धन प्रसाद धीवर, नगर पंचायत कुर्रा, तिलक राम देवांगन पिता/पति लीलाधर देवांगन, नगर पंचायत कुर्रा धरसिवा, पवन कुमार निर्मलकर पिता/पति पुनाराम निर्मलकर, मोहदी 1 धरसिवा, पोषण लाल वर्मा पिता/पति रतिराम वर्मा, बिजली ऑफिस धरसीवा, देवलाल सारंग पिता/पति स्व. सुखनंदन सारंग, टांडा अकोली मांढर, परमेश्वर देवांगन पिता/पति भागीरथी देवांगन, नगर पंचायत कुर्रा, राहुल ठाकुर पिता/पति परदेशी राम ठाकुर, अटल आवास म न 186 कुर्रा, शेक मुख्तार पिता/पति शेक छोटे, आमानाका रायपुर, रामानंद साहू पिता/पति भगवानी राम साहू, हसदा 2 अभनपुर, गुलशन कुमार साहू पिता/पति दुलीचंद साहू, हसदा 2 अभनपुर, कोमल राम साहू पिता/पति ब्रिजलाल साहू, अटल आवास बेलभाठा अभनपुर, अरुण कुमार प्रजापति पिता/पति कोमल राम प्रजापति, अभनपुर रायपुर, पूर्णिमा साहू पिता/पति भूपेंद्र प्रसाद साहू, भारत माता स्कूल के सामने वन विकास निगन भवन सेक्टर 26 नवा रायपुर, खिलेश कुमार पिता/पति जागेश्वर साहू, केन्द्री अभनपुर रायपुर, संजय कुमार चन्द्राकर पिता/पति शत्रुघ्न प्रसाद, गुढ़ियारी पारा आरंग,दुर्गेश धीवर पिता/पति बीरबल धीवर, पिरदा कोरासी, फत्तेलाल साहू पिता/पति बेनीराम साहू, पिरदा कोरासी, भीम सेन सोनकर पिता/पति सुकुल सोनकर, बिजली ऑफिस सड़क पारा, पारगांव, कमलेश कुमार ध्रुव पिता/पति स्व. गेंदूराम ध्रुव, रानीसागर थाना आरंग, प्रह्लाद पटेल पिता/पति सेवक राम पटेल, ग्राम गुल्लू, नरोत्तम पटेल पिता/पति हीराराम पटेल, गुल्लू, दिलेश्वर साहू पिता/पति चन्दुलाल साहू, धतेरा, घनाराम धीवर पिता/पति कन्हैया लाल धीवर, गुल्लू, अरुण साहू पिता/पति तुलसी राम साहू, चपरिद समोदा आरंग, मिथलेश यादव पिता/पति राधेलाल यादव, कोरासी आरंग, रामकुमार साहू पिता/पति सुखराम साहू, जागेश्वर कृषि केंद्र समोदा चपरिद, हरीश साहू पिता/पति स्व. ताम्रध्वज साहू, गुल्लू थाना आरंग, सुनीत कुमार मिरी पिता/पति प्यारेलाल मिरी, चोरभट्ठी आरंग, सुरभि सोनकर पिता/पति चमन सोनकर, कुस्मुन्द समोदा, जयकांत वर्मा पिता/पति कुंवर सिंह, चिखली आरंग, छत्रधारी साहू पिता/पति प्रेमनाथ साहू, निसदा आरंग।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें



## खबर संक्षेप



### टॉपर्स विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री साय ने की वीडियो काल पर बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दसवीं-बारहवीं के नतीजे घोषित होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से सीधे वीडियो काल पर बात कर बधाई दी। बच्चों के लिए अपने मुख्यमंत्री से इस तरह अचानक रुबरू होना बेहद आनंददायक अनुभव रहा। अपने मुख्यमंत्री से सीधे वीडियो काल पर जुड़े भावविभोर बच्चों में से किसी ने आईएएस बनने, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने बैंकिंग सेक्टर में जाने की योजनाएं बताईं। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों और गुरुजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षा व मानसी प्रथम

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक कन्या एवं बालक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है किया। इसमें दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान दीक्षा साहू ने प्राप्त किए हैं। उन्हें 93.6 प्रतिशत प्राप्त हुए। देवेश्वरी को 90.6 प्रतिशत, ऋषभ गौतम 85.8प्रतिशत तथा योगेश वर्मा को 85.3 प्रतिशत मिले हैं। इसी तरह बारहवीं कक्षा में मानसी यादव को 90.6 प्रतिशत, वैशाली रजक को 88 प्रतिशत तथा नीलम साहू को 87.02 प्रतिशत मिले हैं।

### वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है ऐसी रिपोर्ट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा है



कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट सिर्फ हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा करना एवं चुनाव में हिंदू वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है। श्री साहू ने कहा कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट चुनाव के समय में ही जारी कर भाजपा द्वारा हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या के अनुपातिक प्रतिशत को लेकर जिस तरह देश में हिंदुओं के मन में डर व नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है।

## निधन

### रश्मि वर्मा

**रायपुर।** नरदहा निवासी रश्मि वर्मा



(44) का 10 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 मई को सुबह 10 बजे स्थानीय श्मशानघाट में किया जाएगा। वे शत्रुघ्न वर्मा की बहू, धर्मेंद्र वर्मा की धर्मपत्नी, आरना और पारुल की माता तथा मुकेश वर्मा की भाभी थीं।

### सुरेश शर्मा

**रायपुर।** गुढ़ियारी पड़ाव निवासी



सुरेश शर्मा का 10 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेमचंद, रूपचंद शर्मा, महेश, रमेश शर्मा के भाई तथा विकास व वैभव शर्मा के पिता थे।

### शांति यदु

**रायपुर।** छोटापारा निवासी शांति यदु का 10 मई को निधन हो गया। उनकी



अंतिम यात्रा निवास स्थान से 11 मई को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। अनिल यदु, अविनाश यदु, अमिताभ यदु, अजिताभ यदु उनके भतीजे तथा आकाश और पुलकित उनके पोते हैं।

# जबलपुर से रायपुर के लिए सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी में रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रेलवे ने लंबी और कम दूरी की ट्रेनों के संचालन, गति और गंतव्य स्टेशन की समीक्षा के बीच संकेत दिए हैं कि जबलपुर से रायपुर के बीच जल्द ही सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाई जा सकती है। जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में इस पर सहमति भी बन गई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर, भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों मांग की व उनके संचालन पर मंथन किया।

खासतौर पर उन रूट पर जहां अभी मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशन से सीधी ट्रेन नहीं है। इस दौरान जबलपुर रेल मंडल ने जबलपुर से रायपुर, प्रयागराज, उज्जैन आदि स्टेशन पर सीधी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पर अमल करने की तैयार हो रही है। इसमें सबसे पहले जबलपुर से रायपुर के बीच गोंदिया होते ही नई ट्रेन चलाई जानी है। संचालन के लिए ट्रैक-स्टेशन और यात्रियों की संख्या पर मंथन हो रहा है। इस दौरान इस रूट पर आ रही तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा।

## जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में सहमति बनने की सूचना

### बिलासपुर जोन भी कर रहा प्रयास

बीते दिनों जयपुर में हुई देशभर के रेलवे जोन की टाइम टेबल समिति में जबलपुर-रायपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें बताया जा रहा है कि सहमति बनाई जा रही है। संभावना है कि इस रूट पर सेमी हाईस्पीड वंदेभारत ट्रेन चलाई जा सकती है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड और पश्चिम मध्य रेलवे व बिलासपुर रेलवे जोन, दोनों ही प्रयास कर रहे हैं। माना जा रहा है कि आचार संहिता के बाद इस पर निर्णय हो सकता है।

- जून में वंदे भारत ट्रेन की मिल सकती है सौगात



**पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों की मांग**

### समिति के समक्ष रखा गया प्रस्ताव

जबलपुर से रायपुर के बीच ट्रेन चलाने का प्रस्ताव जयपुर में हुई टाइम टेबल समिति के समक्ष रखा गया था। संभावना है कि जून से यह ट्रेन व्हाया गोंदिया होकर चल सकती है। इसके पहले सभी भौतिक तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

- राहुल श्रीवास्तव
सीपीआरओ पमरे

### रेलवे सभी पहलुओं पर कर रहा अध्ययन

जबलपुर से रायपुर के लिए कटनी होकर दिन में सिर्फ एक ट्रेन अमरकंटक चलती है। रूट लंबा होने की वजह से ट्रेन रात को जबलपुर से रवाना होकर सुबह रायपुर पहुंचती है। पीक सीजन हो या आम दिन, वेटिंग की वजह से ट्रेन में आसानी से आरक्षित सीट नहीं मिलती। हर दिन जबलपुर से लगभग दो हजार यात्री ट्रेन, बस और निजी वाहन से रायपुर के लिए सफर करते हैं। सिंगल लाइन होने की वजह से रेलवे सभी पहलुओं पर अध्ययन कर रहा है। संभावित है कि वंदेभारत ट्रेन रायपुर और प्रयागराज या बनारस के बीच चलाई जाए। जबलपुर से उज्जैन और शिर्डी के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाने की संभावना है।

## राजधानी रायपुर में गिने-चुने खेल मैदान ही बचे

# खेल मैदान में मेला, खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

- महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई
- डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर का आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल मैदान पूरी तरह से व्यवसायिक बन गया है। इसके कारण यहां खेल से ज्यादा मेला सहित अन्य व्यावसायिक आयोजन होते हैं। हाल ही में इस ग्राउंड को एक महीने के लिए मेला आयोजन के लिए दिया गया है, जिसकी तैयारियां भी मैदान में की जा रही हैं। इसके विरोध में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने मैदान में जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर इस मामले में महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा है कि आखिर किस आधार पर खेल मैदान को मेला आयोजन के लिए अनुमति दी गई है।

राजधानी रायपुर में गिने-चुने ही खेल मैदान बचे हैं। इन मैदानों को भी अब व्यावसायिक रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मैदान की समितियां मैदानों के मेंटनेंस के नाम पर ज्यादा



पैसे कमाने के लालच में इन मैदानों को मेला सहित विभिन्न व्यावसायिक आयोजन कराने की अनुमति दे रही हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि गॉस मेमोरियल मैदान को वर्ष 2004 में सिर्फ खेल मैदान के रूप में आरक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि ओपी चौधरी ने रायपुर के कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल में खेल मैदानों को सिर्फ खेल के लिए आरक्षित करने निर्देश भी दिए थे। इसके बाद से खेल मैदानों में सिर्फ खेल के आयोजन होने लगे थे, लेकिन अब मैदान फिर व्यावसायिक आयोजन के लिए दिए जा रहे हैं।

### वर्ष 2022 में लीज की अवधि खत्म

एजाज ढेबर ने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में गॉस मेमोरियल की लीज अवधि खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी मैदान को मेला लगाने के लिए अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि गॉस मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का कहना है कि इसकी अनुमति समिति ने नहीं दी है, फिर अनुमति किसने दी है। इसे लेकर महापौर ने डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। उन्होंने मेला अनुमति को भी तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### बीटीआई ग्राउंड रावणभाठा मैदान भी बना व्यावसायिक

गॉस मेमोरियल के साथ अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा मैदान पर भी मेला लगा हुआ है, जबकि मेला लगने से पहले मैदान में खिलाड़ियों का मेला लगा रहता था। मेला का आयोजन होने के कारण हर दिन क्रिकेट, फुटबाल सहित अन्य खेल खेलने वाले खिलाड़ियों ने मैदान आना छोड़ दिया है। इस मैदान में युवा के साथ बच्चे, बड़े व बुजुर्ग भी सैकड़ों की तादात में मॉर्निंग वॉक, व्यायाम एवं योग करने आते हैं। मेला लगने के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है। शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड का उपयोग भी अब व्यावसायिक रूप से ज्यादा होने लगा है, जिसके कारण यहां भी अब खेल नहीं हो पाते।

# निरस्त कराएंगे आदतन बदमाशों की जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक

जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने आदतन बदमाशों को पुनः जेल भेजा जाएगा। एसएसपी संतोष सिंह ने पुराने बदमाशों की जमानत निरस्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया है कि अपराध, गुम इंसान, मर्ग समेत अन्य लंबित प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता के साथ पंद्रह दिन के भीतर की जाए। एसएसपी संतोष सिंह ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में विजिबल पुलिसिंग नजर आनी चाहिए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों, निगरानी गुंडे-बदमाशों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर निगाह रखने विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। लंबित प्रकरण जो काफी पुराने हैं, उनका निराकरण पंद्रह दिवस के भीतर किया जाए। उन्होंने महिला/बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और इन मामलों से संबंधित आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा। धोखाधड़ी सहित अन्य संपत्ति संबंधी मामलों में थाना प्रभारियों को आरोपियों की पतासाजी करने एवं गंभीर मामलों की विवेचना स्वयं थाना प्रभारियों को करने के निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

निजात अभियान के तहत नशे के पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा किसी भी सूरत में नशे का सामान नहीं बिकने देने की हिदायत दी। नशे का कारोबार करने वाले गिरोह की अंतिम सप्लाई चेन तक पुलिस टीम को पहुंचने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक आमजनों से जुड़कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

***शांतिपूर्ण चुनाव, जवानों को प्रशंसा पत्र:*** *एसएसपी ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइंस मैदान में जवानों की परेड ली। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जवानों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को डीओ लेटर और जवानों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए।*

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कार पर पलटी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सेजबहार क्षेत्र में मुजगहन नाला के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र कुमार सोनबेर और उनकी मां ईश्वरी सवार थे। इस घटना में दोनों को चोटें आई हैं, इनमें ईश्वरी सोनबेर को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां के साथ कार से सेजबहार के आगे सोनपैरी स्थित फार्म हाउस जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही उनकी कार मुजगहन रोड में नाले के पुल के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी, उसमें मिट्टी भरी हुई थी। ट्रैक्टर को देखकर वे अपनी गाड़ी सड़क के किनारे लगा लिए। इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक ने पुल पर चढ़ते समय गाड़ी को अनियंत्रित कर पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर की ट्रॉली और उसमें भरी मिट्टी कार पर आ गिरी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में उन्हें कम चोटें आई हैं, लेकिन उनकी मां को गंभीर चोटें लगी हैं और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट के बाद ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक नशे में था, जिसके कारण वह ट्रैक्टर पर नियंत्रण नहीं रख पाया और दुर्घटना हो गई।

# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अब ओडिशा-झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश के भाजपा नेताओं को ओडिशा और झारखंड भेजा जा रहे हैं। ये नेता वहां पर प्रचार करने का काम करेंगे। कई नेता चले गए हैं और कई नेता आने वाले समय में जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी लगातार दोनों राज्यों में सभाएं ले रहे हैं।

भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक अजय शुक्ला ने बताया ओडिशा में चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी व टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक राजेश मूणत, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, योगेश्वर राजू सिन्हा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायकगण शिवरतन शर्मा, त्रिलोचन पटेल व पिंकी शिवराज शाह, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, व चंदूलाल साहू,



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, धनीराम बारसे, जगन्नाथ पाणिग्रही के नाम तय किए गए हैं।

### ये रहेंगे झारखंड में

इसी तरह से झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, विधायक भावना बोहरा, भूलनसिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पैंकरा, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, दीपेश साहू, रोहित साहू, प्रमोद मिंज, सुशांत शुक्ला, राय मुनि भगत भाजपा पदाधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी, सौरभ सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, भरतसिंह सिसौदिया, अनिल केशरवानी, बाबूलाल अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी झारखंड में प्रचार करने का काम करेंगे।

# चैंबर का संविधान बदलने पर सुंदरानी ने खड़े किए सवाल, पारवानी बोले- सब प्रक्रिया के तहत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के संविधान में संशोधन को लेकर व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने सवाल खड़ा किया है कि यह प्रक्रिया के तहत नहीं हुआ है। यह संशोधन अध्यक्ष ने अपने को लाभ पहुंचाने के लिए किया है। महज डेढ़ से दो सौ सदस्यों को बुलाकर विशेष सभा बुलाना ही सही नहीं है। इस मामले में अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है, सब कुछ प्रकिया के तहत किया गया है।

श्री सुंदरानी ने चैंबर अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए आपत्ति की है कि चैंबर का संविधान संशोधन सही नहीं है। श्री



सुंदरानी का कहना है, संविधान संशोधन का न तो सार्वजनिक प्रकाशन किया गया है और ना ही सूचना पत्र भेजा गया है, जिसमें संविधान संशोधन की बिन्दुवार जानकारी हो। श्री सुंदरानी ने पत्र में लिखा है, मेरा सीधा आरोप है ये संविधान का संशोधन आपने स्वयं के लिए किया है।

### सब प्रकिया के तहत

चैंबर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने हरिभूमि के पूछने पर बताया कि संविधान में संशोधन नियम के तहत की किया गया है। मेडिकल कॉलेज के सभागृह में हुई आमसभा में इसको पारित किया गया था, बाकी में विशेष आमसभा बुलाकर इसको जारी किया गया है। जो भी संशोधन किया गया है, चैंबर के संविधान की प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमों से किया गया है। अब कोई भी अध्यक्ष का चुनाव कितनी भी बार लड़ सकते हैं, श्रीचंद सुंदरानी सहित पूर्व के सारे अध्यक्ष भी चुनाव लड़ने के पात्र हो गए हैं।

## हर महीने पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत हर माह दो दिन चलाए जाने वाले अभियान में पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से चांपा-जांजगीर जिले में हड़कंप मच गया है। निजी अस्पतालों को जारी किए गए इस आदेश पर आईएमए ने आपत्ति की है। उनका तर्क है कि शासकीय जिला अस्पताल में यह सुविधा नहीं है, इसलिए निजी संस्थाओं पर उसका भार डाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले आदेश का हवाला देते हुए निजी सोनोग्राफी सेंटर को इस बात की ताकीद भी की गई है कि उनके द्वारा माह के 9 और 24 तारीख को इस अभियान के तहत की गई निशुल्क सोनोग्राफी की जानकारी के साथ उन्हें मरीज की विस्तृत रिपोर्ट के साथ अवगत कराया जाए। इस आदेश के बाद वहां से निजी चिकित्सकों और सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। यह भी शिकायत की जा रही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना किसी जानकारी के सोनोग्राफी सेंटरों को इस योजना का हिस्सा बना लिया गया है।

## बिजनेस साइट

### जादूगर सम्राट अजूबा का शो देखने को उमड़ रहे दर्शक

- 19 मई तक चलेगा रायपुर में जादूगर अजूबा का जादू

**रायपुर।** रंग मंदिर ऑडिटोरियम (एयरकूल्ड) सिटी कोतवाली चौक के पास चल रहे जादूगर सम्राट अजूबा के शो में जादू कलाप्रेमियों का जनसैलाब उमड़ने लगा है। जादूगर सम्राट अजूबा ने बताया कि जब से यह जादू रायपुर में दिखा रहे हैं, लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला है।

जादूगर अजूबा ने रायपुरवासियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि हम लोग हर जगह शो करते हैं, लेकिन जो प्यार हमें दर्शकों का रायपुर में मिला, वो हमें कहीं नहीं मिला। हमारा जादू शो 19 मई तक आपके शहर में रहेगा। आखिरी दिनों में रोजाना कुछ न कुछ नए-नए कारनामे देखने को मिलेंगे। बता दें कि रोजाना 3 शो चलते हैं, जो 1 बजे, 4 बजे एवं शाम 7 बजे होते हैं।

प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है, जिसका टिकट आप ऑनलाइन या ऑफलाइन रंग मंदिर परिसर में बने टिकट काउंटर से ले सकते हैं।

### इंडियन ओवरसीज बैंक की शुद्ध आय बढ़कर रिकॉर्ड 808 करोड़ रुपए हुई

**रायपुर।** संपत्ति की गुणवत्ता में बड़े पैमाने पर सुधार से सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी चेन्नई मुख्यालय) को गुरुवार को मार्च तिमाही में रिकॉर्ड 808 करोड़ रुपए की शुद्ध आय दर्ज करने में मदद मिली, जो कि एक साल पहले की अवधि में 650 करोड़ रुपए थी, जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इसी तरह बैंक ने वित्त वर्ष-2024 के लिए अपनी अब तक की सबसे अधिक वार्षिक आय 2,656 करोड़ रुपए दर्ज की, जो वित्त वर्ष-2023 में 2,099 करोड़ रुपए थी। कुल मिलाकर समीक्षाधीन अवधि में इसके खराब ऋण का परिमाण आधे से अधिक हो गया है, जिससे प्रावधान कम हो गए हैं।

दूसरी ओर, बैंक ने रिकॉर्ड वसूली भी की। वह भी बट्टे खाते में डाले गए खातों से, जिसके कारण पहले किए गए प्रावधानों को वापस लिखना पड़ा।








राजधानी में पहली बार नेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, एमएमए का 7वां नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस बार छत्तीसगढ़ को इस चैंपियनशिप का मेजबानी करने का मौका मिला है। शहर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में मुक्केबाजी का लाइव एक्शन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यहां खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर दर्शकों की धड़कनें बढ़ा रही है। मुक्केबाजी से कोई 5 मिनट तो कोई 2 मिनट में ही नेशनल खिलाड़ी को धराशायी कर रहा है।

# राजधानी में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स का रोमांच, पहली बार मिली मेजबानी, 25 राज्यों को हरा छग तीसरे पायदान पर

## नेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स 'एमएमए' का 7वां नेशनल चैंपियनशिप



**रायपुर।** स्टेडियम में मुक्केबाजी का रोमांच देखते ही बन रहा है। अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करने लोग पहुंच रहे हैं। प्रतियोगिता में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 600 खिलाड़ी पहुंचे हुए थे। डब्ल्यूडब्ल्यूई की तर्ज पर स्टेडियम को तैयार किया गया है। 3 रिंग में रोजाना सुबह 9:00 बजे से रात 8:30 बजे तक 200 मुकाबले प्रतिदिन खेले जा रहे हैं। यहां प्रवेश निशुल्क है।



- इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों का लाइव एक्शन देखने पहुंच रहे हैं दर्शक
- देशभर से पहुंचे 600 खिलाड़ी, इनमें 200 महिला और 400 पुरुष मिलाकर
- रोजाना 200 मुकाबले, निशुल्क है प्रवेश

### एक पंच से नेशनल खिलाड़ी हो रहे ढेर



चार बार नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले बेंगलुरू के आयन ने इस मुकाबले में भी अपना जलवा कायम रखा है। बातचीत में आयन ने बताया, सात साल की उम्र से मुक्केबाजी कर रहा हूं। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का भी प्रदर्शन चैंपियनशिप में बेहतर हो चुका है। खिलाड़ियों के पंच से अब नेशनल खिलाड़ी भी ढेर हो रहे हैं। उनका कहना है कि मुक्केबाजी में अभी भी पुरूषों की संख्या अधिक है, जबकि यह खेल आत्मरक्षा से भी जुड़ा है। सरकार को इसके विस्तार पर बेहतर योजना बनानी चाहिए। इस खेल से जुड़कर लड़कियां व महिलाएं अपनी सुरक्षा कर सकती हैं।




### पहले दिन टॉप-10 में दस टीम ने बनाई जगह

इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 80 खिलाड़ी 27 राज्यों पर भारी पड़ रहे हैं। टॉप-10 में छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है। पहले नंबर में महाराष्ट्र, दूसरे में जम्मू-कश्मीर और पांचवें में मणिपुर, छठवें में तेलंगाना, सातवें में कर्नाटक और आठवें में दिल्ली और नवें स्थान पर असम है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का पंच विपक्षी टीम को उठने ही नहीं दे रहा।

### मैच देखने स्टेडियम में एंट्री फ्री

एमएमए चेम्पियनशिप के छत्तीसगढ़ प्रेसिडेंट आलोक त्रिपाठी, सेक्रेटरी जनरल दिव्या खरे और मीडिया प्रभारी मुरली नायर ने बताया कि आयोजन में एंट्री फ्री है। 11 मई को एमएमए इंडिया पुरस्कार समारोह, सेमीफाइनल मैच और युवा वर्ग के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। 12 मई को फाइनल मैच, पुरस्कार वितरण, सम्मान व समापन समारोह। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खेलमंत्री टंकराम वर्मा होंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के पूर्व महासचिव रहे बलदेव सिंह भाटिया शामिल होंगे।





### महिलाएं भी दिखा रहीं दमखम

प्रतियोगिता में पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी दमखम दिखा रही हैं। शुक्रवार को ओडिशा की उर्मिला ने मध्यप्रदेश की सुनीता ने 1 मिनट 15 सेकंड में ही ढेर कर दिया। उर्मिला ने रिंग में आने के बाद जैसी ही खेल शुरू हुआ 6 पंच में विपक्षी खिलाड़ी को इस तरह धराशायी किया की वह उठ ही नहीं पाई। सभी ने उर्मिला के लिए तालियां बजाई। बड़ी तेजी से मैच को अंजाम तक पहुंचाकर अपना टैलेंट दिखाया। प्रतियोगिता में 200 महिला और 400 पुरुष मिलाकर 600 खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं।





## लाइव इवेंट

# तीन भागों में बांटे अपने प्रतिदिन के कार्यों को



**रायपुर।** विद्यार्थी जीवन जिंदगी का सबसे सुनहरा समय होता है। इस दौरान एक-एक सेकंड का सदुपयोग अपने भविष्य को संवारने के लिए करना चाहिए। समय का सदुपयोग करने वाले जीवन में कभी असफल नहीं होते हैं। वे हर काम को समय सीमा में करते हुए लक्ष्य हासिल करते हुए आगे बढ़ते हैं। यह बात शुक्रवार को राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने कही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चौबे कॉलोनी में आयोजित समर कैंप में समय प्रबंधन कला (टाइम मैनेजमेंट) विषय पर बच्चों को संबोधित करते हुए बच्चों से कहा, अपने कार्यों को तीन भाग में बांट लेना चाहिए। अतिआवश्यक, आवश्यक और शेष बचे हुए। पहले अति आवश्यक कार्य को पूरा करें। इसके बाद आवश्यक और फिर शेष बचे हुए कार्यों को पूरा करें, तो बेहतर होगा।



### सभी क्षेत्र में बनाएं तालमेल

समय के महत्व को समझने वाले व्यक्ति का जीवन मूल्यवान बन जाता है। समय को टेलीविजन देखने और मोबाइल गेम खेलने में बर्बाद नहीं करना चाहिए। जो महान लोग होते हैं, वह अपने एक-एक मिनट का हिसाब रखते हैं। उसे सफल करने के लिए अपनी दिनचर्या बनाते हैं। इससे उनका जीवन सुव्यवस्थित होता है। ऐसे लोग पढ़ाई ही नहीं बल्कि व्यवसाय और पारिवारिक जीवन में भी तालमेल बना लेते हैं। उन्होंने बच्चों को समय का सही उपयोग करने के लिए प्रतिदिन की दिनचर्या बनाने का सुझाव देते हुए कहा, हर काम के लिए समय तय करना चाहिए। ताकि पता रहे कि कब पढ़ना है, कब और कितनी देर खेलना है।

## आराधना

# आदिनाथ पारणा : अक्षय तृतीया पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक



**रायपुर।** अक्षय तृतीय पर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में आदिनाथ पारणा दिवस का पर्व मनाया गया। इस दौरान टैगोर नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 25वें रजत स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। समिति के उपाध्यक्ष नवीन जैन मोदी ने बताया, अक्षय तृतीया के दिन ही पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होकर चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान को विराजमान किया गया था। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों बढ़-चढ़कर हिस्सा किया था। शुक्रवार को सुबह 7 बजे मूल नायक पार्श्वनाथ भगवान एवं चल मूर्तियों को पांडुशिला में विराजमान कर जलाभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर के संस्थापक सदस्य सुरेश चंद, जीवनलाल, राजकुमार , शरद, मंदिर के अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव प्रियंक, कोषाध्यक्ष संदीप, उपाध्यक्ष नवीन, सहसचिव सुबोध, कार्यकारिणी सदस्य रजनीश , पुष्पेंद्र व अन्य उपस्थित रहे।

### 48 दीपक के साथ आराधना

इस अवसर पर शहर के जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का पारणा महोत्सव मनाया गया। प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया के दिन यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें समाज के सदस्य पूजा-अर्चना करते हैं। कमेटी के अध्यक्ष संजय नायक जैन ने बताया, मुख्य कार्यक्रम सुबह मूलनायक 1008 श्री आदिनाथ भगवान की चल प्रतिमा का सोने के कलश से अभिषेक किया गया। शुक्रवार को रात 8 बजे समाज की महिलाओं द्वारा 48 दीपक जलाकर भक्ति आराधना की गई।



### अरिहंत 23 नवंबर को लेंगे दीक्षा



शुक्रवार को कुम्हारी स्थित केवल्यधाम में राजेश बुरड के बड़े बेटे अरिहंत बुरड को दीक्षा मुहूर्त प्रदान किया गया। इस मौके पर जैन समाज के 300 से अधिक लोग मौजूद रहे। अरिहंत बुरड द्वारा 23 नवंबर को दीक्षा ली जाएगी, तब वह परिवारिक मोह-माया से दूर अध्यात्म की ओर आगे बढ़ेंगे। इसके पूर्व शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान गुरु जन की उपस्थित में दीक्षा मुहूर्त किया गया, जहां विनयकुशल, जय शिशु विरतियशा, तपस्वी विराट मूनि और महेंद्र सागर मौजूद रहे।

## कार्नर न्यूज

### 10वीं के छात्र विषय चयन तो 12वीं के छात्र कॉलेज चुनाव को लेकर चिंतित

# नतीजों के बाद बढ़ा बच्चों में तनाव, हेल्पलाइन पर साझा कर रहे दिक्कत कॉउंसलर-मनोवैज्ञानिकों की भी मदद, अधिकतर को निर्णय में उलझन

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को दसवीं व बारहवीं के बोर्ड के परिणाम जारी किए गए। इसके साथ बच्चों में तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। इनमें कुछ बच्चे 90 प्रतिशत लाने के बाद भी अपने परिणाम से खुश नहीं है। शहर के कॅरियर काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, पढ़ाई के दौरान बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पढ़ता है। इसमें शारीरिक एवं मानसिक समस्या, अकेलापन सहित निर्णय लेने में उलझन की समस्या देखने को मिलती हैं। भविष्य को लेकर भी बच्चों में तनाव बढ़ गया है। जिसमें वह अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए चिंता में नजर आ रहे हैं। किस विषय का चयन करें? क्या यह विषय मेरे लिए उचित है? अगर यह विषय मैं नहीं पढ़ पाया तो? इस विषय में कोई भविष्य है या नहीं? इस प्रकार के प्रश्न लगातार बच्चे काउंसर से कर रहे है।




### प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं कई छात्र

कॅरियर काउंसलर डॉ. मोनिका साहू ने बताया, काउंसलिंग के दौरान सभी बच्चे अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में प्राप्त नंबर से कुछ बच्चे संतुष्ट नहीं है। क्या हम पुनर्मूल्यांकन करा सकते हैं? पुनर्मूल्यांकन के लिए क्या करना होता है? क्या मेरे अंक बढ़ेंगे? जेईई के लिए 75 प्रतिशत की आवश्यकता होती है, मेरे 73 प्रतिशत आए हैं, अब मैं क्या करुं? एक साल रुककर दुबारा पढ़ाई करना सही रहेगा? मेरे विषय के अनुसार किस कॉलेज में एडमिशन लेना सहीं होगा? कुछ इस प्रकार के प्रश्न बच्चे पूछ रहे हैं।

### दूसरे के सुझाव पर ना चुनें विषय

*कॅरियर काउंसलर डॉ.सुमन अमिताभ ने बताया, बीते कुछ माह से लगातार बच्चे अपने भविष्य संबंधित प्रश्न पूछ रहे हैं। इसमें जेईई के परीक्षा परिणाम को लेकर भी बच्चों में तनाव देखने को मिला। कुछ बच्चे एक वर्ष अपने परीक्षा की तैयारी पर खर्च करना चाहते हैं। बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद किस विभाग एवं कॉलेज में दाखिला लें, यह सबसे बड़ी समस्या है।* ***उनका कहना है कि छात्रों को*** *अपने लक्ष्य के अनुसार कार्य करना चाहिए। जिन विषयों में अधिक रुचि है, उसमें अपना कॅरियर बना सकते हैं। किसी भी विभाग का चयन किसी व्यक्ति के कहने पर ना करें, अपने भविष्य का निर्णय आपको खुद करना होगा।*

### इस तरह के सवाल

कॅरियर काउंसलर डॉ.वर्षा वरवंडकर ने बताया, इन दिनों बच्चों में तनाव बढ़ गया है। छोटी-छोटी समस्या के चलते वह खुद में तनाव महसूस करते हैं। बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने के पश्चात दसवीं और बारहवीं के बच्चे तनाव में नजर आए। परीक्षा परिणाम जारी होने से पहले तक 12वीं का एक विद्यार्थी तनाव में था। उसका कहना था कि वह पास नहीं हो पाएगा। माता-पिता कम अंक आने पर नराज होंगे। गुरुवार को नतीजे जारी होने के बाद उसके 60 प्रतिशत अंक आया, जिसके पश्चात बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। काउंसलर डॉ. वर्षा ने बताया, परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात एक बच्चा असफल हो गया। जिसके बाद उसके माता-पिता ने उसे मारा। बच्चे ने रोते हुए कॉल कर अपनी समस्या बताई, जिसके बाद उनसे माता-पिता को समझाया गया और दुबारा मेहनत करने की सलाह दी गई।

## सिटी इवेंट

# अधिक उत्पादन के लिए जरूरी है उद्योगों में उचित प्रबंधन



रायपुर। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज ने अपने प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण दौरा का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों को गोदावरी पॉवर और इस्पात सिलतरा स्टील प्लांट का भ्रमण कराया गया। इस दौरान 43 विद्यार्थी और विभागाध्यक्ष डॉ. ईला दीक्षित व हसन रजा मौजूद रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के विद्यार्थियों को उद्योगों के व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना रहा। जिसके पश्चात छात्रों ने अपने अनुभव को रिपोर्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया। उद्योग के विभिन्न विभागों की जानकारी कर्मचारियों द्वारा पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए दी गई। यहां छात्रों को वास्तविक कार्य स्थल, संयंत्र, मशीन, प्रणालियों, असेंबली लाइन को जानने का अवसर दिया गया। प्रशिक्षण भ्रमण प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।

### प्रश्नोत्तर सत्र में समस्याओं का समाधान

विशेषज्ञों ने छात्रों से कहा, उद्योगों में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रबंधन, उत्पादन, इंजीनियर, कर्मचारी की आवश्यकता होती है, जिनके सहयोग से कार्य किया जाता है। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति सहयोग से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कंपनी में मौजूद मशीन एवं कार्यप्रणाली की शिक्षा छात्रों ने प्रत्यक्ष रुप से लाभ लिया। इसके साथ ही प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, इस दौरान छात्र अपने अनुसार प्रश्न पूछते हुए अपनी समस्याओं का समाधान कर रहे थे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रो.संजय गुप्ता, देबाशीष दास और अमित सान्याल भी उपस्थित रहे।

## एजूकेशन अपडेट

# वायु सेना में एयरमैन भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी, अर्जी 22 से

रायपुर। भारतीय वायु सेना में शामिल होकर देश सेवा की चाह रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इंडियन एयरफोर्स की ओर से ग्रुप-वाय के तहत एयरमैन (01/2025) पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही वायु सेना की ओर से आवेदन तिथियों को भी घोषित कर दिया गया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 मई सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगी, जो निर्धारित अंतिम तिथि 5 जून 2024 रात 11 बजे तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से इंडियन एयरफोर्स की ऑफिशियल वेबसाइट **airmenselection.cdac.in** पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। जो भी उम्मीदवार तय तिथियों में आवेदन करेंगे वे रैली भर्ती में भाग ले सकेंगे। रैली भर्ती का आयोजन 3 जुलाई से 12 जुलाई 2024 तक किया जायेगा।

### बीसीए में 46 फीसदी छात्र उत्तीर्ण

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीसीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा शुक्रवार को की गई। 877 छात्रों ने इसकी परीक्षा दिलाई थी। इसमें 404 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। 211 छात्रों को अनुत्तीर्ण तथा 262 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है। वहीं 3 छात्र अनुपस्थित रहे। परिणाम 46.07 प्रतिशत रहे हैं। छात्र अपने नतीजे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### अधिकतम आयु 21 वर्ष

इस भर्ती में एयरमैन पदों पर आवेदन के लिए जरूरी है कि अभ्यर्थी ने 12वीं, इंटरमीडिएट या समकक्ष फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ उत्तीर्ण किया हो। अभ्यर्थी के अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 फीसदी अंक होने अनिवार्य हैं। मेडिकल असिस्टेंट पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का जन्म 02 जनवरी 2004 से पहले एवं 02 जनवरी 2008 के बाद न हुआ हो। मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड पदों के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 21 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

## कैंपस इवेंट

# कभी भारत में अध्ययन के लिए आते थे विदेशी, आज हम पीछे



रायपुर। महंत कॉलेज एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय प्राध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा, शिक्षा में गुणवत्ता और तकनीक चुनौतिपूर्ण है। ऐसा दौर आने वाला है जब सभी शिक्षकों को तकनीक आधारित शिक्षा से स्वयं को अपडेट करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया रविवि के मदन मोहन मालवीय ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से ऐसे गुणवत्तापूर्ण प्रोग्राम चलाए जा सकते हैं। भारत एक समय विश्व गुरु था। तमाम विश्व के देश भारत में अध्ययन के लिए आते थे, परंतु ग्लोबल पैरामीटर ने इस मिथक को बदल दिया और आज भारत पीछे हो गया है। इस अवसर पर रविवि के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो.राजीव चौधरी, विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मनोज मिश्रा, महंत कॉलेज प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सर्वप्रथम करें आंकड़ों का एकत्रीकरण

फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हो रहे हैं, जो 5 दिनों तक अपने ज्ञान को अपग्रेड करेंगे। प्रोफेसर राजीव चौधरी ने कहा, वर्तमान में शिक्षा और शोध अध्ययन के क्षेत्र में बहुआयामी तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। सांख्यिकी तकनीकी की जानकारी शोधकर्ता को होनी चाहिए। उन्होंने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह बताया कि रिसेंट ट्रेंड में कौन-कौन सी ऐसी तकनीक है, जिससे शोध रिसर्च के क्षेत्र में परिणाम का आकलन किया जा सकता है। उनका कहना था कि सबसे पहले आंकड़ों का एकत्रीकरण करना चाहिए।

## नाट्य मंचन में जीवंत हुए परशुराम प्रसंग, महिलाओं ने निभाए मुख्य किरदार

# स्वयंवर में टूटा धनुष तो क्रोधित हुए परशुराम, लक्ष्मण संग संवाद पश्चात् दशरथ के आग्रह ने किया शांत







**रायपुर।** शहर में परशुराम जन्मोत्सव की दिनभर धूम रही। शाम को आशीर्वाद भवन में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की महिलाओं और बच्चों ने धार्मिक माहौल में रामकथा में वर्णित धनुष यज्ञ से जुड़े राजा दशरथ के संवादों से नाट्य श्रृंखला शुरु की। इसमें राम-लक्ष्मण के साथ गुरु विश्वामित्र भी दशरथ के दरबार में पहुंचते हैं। सीता स्वयंवर के दौरान भगवान राम ने धनुष तोड़ा तो उसकी तेज आवाज सुनकर सभा में पहुंचे परशुराम और लक्ष्मण के बीच संवाद का दौर शुरु हुआ। इसमें हर किरदार को महिलाओं ने मंच पर जीवंत किया। निशा अवस्थी, राधा तिवारी, निशा पांडेय सहित 20 से ज्यादा महिला पात्रों ने हर किरदार को संवादों के जरिए आगे बढ़ाया। मनमोहक प्रस्तुति के बीच समाज के 6 से 12 साल के बच्चे भी सहभागिता निभाते हुए फैंसी ड्रेस में परशुराम के वेश में मंच पर पहुंचे। उनके संवादों को सुनकर दर्शकों ने भी हौसला आफजाई की। इसके बाद भक्तिमय माहौल में अरुण शुक्ला, अजय अवस्थी, सुरेश मिश्रा ने परशुराम की महाआरती के साथ उत्सव का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया।

### 20 फीट ऊंचे परशु की स्थापना

डंगनिया में भगवान परशुराम मंदिर का आठवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में परशुराम प्रकटोत्सव पर सुबह 8 बजे से पूजा, अभिषेक, हवन के बाद 20 फीट ऊंचे परशु की स्थापना की गई। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शिवांजल शर्मा ने बताया, संध्या भक्तों ने महाआरती की। इसके बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। इसके चलते मंदिर परिसर में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। आराध्य देव की पूजा के लिए सैकड़ों की तादाद में समाजजन पहुंचे।




### मिलती है उत्तम चरित्र की प्रेरणा



माता- पिता और गुरु के आदेश का बिना प्रश्नचिन्ह लगाए पालन करना चाहिए। भगवान परशुराम के चरित्र से हमें यही प्रेरणा मिलती है। शुक्रवार को यह बात सरयूपारीण ब्राम्हण सभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला में आचार्य युडुवंशमणि महाराज ने कही। परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया हैं। सुरेश शुक्ला, राजेन्द्र शर्मा, कैलाश तिवारी, आरएल द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग इसमें शामिल हुए।

### मंत्रोच्चार संग विधिवत पूजा-अर्चना

गोवर्धन नगर भनपुरी में परशुराम प्रतिमा स्थल में ब्राह्मण समाज ने आराध्य देव की पूजा अर्चना की। अध्यक्ष पंडित सतानंद मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना व आरती में लोगों को शामिल होने का अवसर दिया। संचालन व पूजा रस्म महासचिव भोला तिवारी ने किया। इसमें प्रमोद पांडे, विकास तिवारी, सतानंद मिश्रा, जयशंकर तिवारी, ललित मिश्रा, रामकृष्ण पठारिया सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।



### नन्हे बच्चों ने सजाया मंडप









*रायपुर। अक्षय तृतीया के मौके पर नन्हे बच्चों ने अपने घर के आंगन में मंडप सजाया। यहां उन्होंने विधिवत विवाह की सारी रस्में पूरी की। सगे-संबंधियों सहित पड़ोसियों को भी न्योता दिया। शहर में उत्सव का माहौल रहा।*





### तस्वीरों में परशुराम का जीवन



महाकौशल कला परिषद द्वारा घड़ी चौक के पास स्थित भवन में भगवान परशुराम पर राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.दिनेश मिश्रा, डॉ.कुंज बिहारी शर्मा, डॉ.विनोद जोशी, घनश्याम शर्मा, सुमनेष वत्स द्वारा किया गया। भगवान परशुराम के जीवन चरित्र को रेखांकित करती जल, तेल, पेस्टल स्याही, चारकोल, रंगोली, ग्राफिक ,कंप्यूटर ग्राफिक से जुड़ी कृतियां कला वीथिका में प्रदर्शित की गई हैं। दो दिवसीय प्रदर्शनी में 50 बाल, युवा, महिला एवं वरिष्ठ कलाकारों की रचनाएं दर्शकों के लिए गैलरी में सजी रहेंगी। अक्षय तृतीया एवं परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल ने 2 ट्राईसिकल और 300 लीटर मठा का वितरण किया। मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा और विशेष अतिथि सरिता बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहीं। सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रभारी कैलाश मुरारका, महामंत्री मनमोहन, महिला मंडल अध्यक्ष माया, महामंत्री, ममता अग्रवाल सहित अन्य समाजजन शामिल हुए।

### पंचोपचार पूजन

विप्रकुल शिरोमणि भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा पंचोपचार पूजन कर आरती की गई। संगठन की प्रदेश सचिव अर्चना दीवान ने बताया, पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया देवी मंदिर परिसर में पं. देवेंद्र तिवारी के आचार्यत्व में संगठन के समस्त सहयोगियों द्वारा भगवान परशुराम का सामूहिक रूप से पंचोपचार पूजन कर आरती की। इस अवसर पर उपस्थित सभी संगठन सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद बांटा गया। पं. शैलेंद्र रिछारिया, प्रमिला तिवारी, डॉ. आरती उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे।



### भजन-कीर्तन संग संगीत संध्या




अम्लेश्वर परिक्षेत्र सर्व ब्राह्मण समाज ने भजन-कीर्तन, संगीत व पूजा-अर्चना के साथ मनाया। महादेवघाट खारुन तट स्थित विप्र सभागार में आयोजित समारोह में धनंजय शर्मा, गोपाल शर्मा, रत्ना शर्मा, गणेश शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी : दिल्ली की व्हाइट मेटल व क्रिस्टल ज्वेलरी कर रही आकर्षित

# गर्मियों के लिए ऑर्गेंजा और कॉटन साड़ियां, बढ़ते तापमान के बीच भी पहुंचाती हैं राहत, ऑफिस के लिए पहली पसंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मौसम के अनुसार लोग अपने वार्डरोब में भी बदलाव करते हैं। गर्मियों को देखते हुए लोग ऐसे परिधान खरीदना पसंद कर रहे हैं जो आरामदायक होने के साथ ही हैवी लुक भी दें। हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो में विभिन्न राज्यों से व्यापारी आए हुए हैं। उनका कहना है कि गर्मी को देखते हुए अधिकतर लोगों द्वारा कॉटन और ऑर्गेंजा की साड़ियां पसंद की जा रही हैं। पंडरी स्थित छग हाट में इसे लगाया गया है। देश के अनेक राज्यों के शिल्पकारों ने अपने स्टॉल यहां लगाए हैं। यहां 50 से अधिक छोटे-बड़े स्टॉल लगाए गए हैं। लखनऊ के व्यापारी आसिफ मंसूरी ने बताया, स्वदेसी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए जूट के पर्स शामिल किये गए हैं, जिसमें पक्षी, वन्य जीव व आदिवासी संस्कृति को बेहतरीन तरीके से दर्शाया गया है। बांधनी आर्ट के जूट बैग, प्रिंट वर्क, केनवास वर्क के बैग्स उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 300 से 500 रु तक है।



### छतरपुर से लाई गई हैं पीतल की मूर्तियां

इसमें अखिल भारतीय स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश से कोसा साड़ी, सूट, बेलमेटल सहित उत्तर प्रदेश से भदोही के कार्पेट, लखनवी चिकन सूट, ड्रेस, खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साड़ियां, खुर्जा क्रॉकरी, सहारनपुर फर्नीचर, कानपुर से लेडिस चप्पल एवं सैंडिल आदि शामिल है। दिल्ली से व्हाइट मैटल व क्रिस्टल ज्वेलरी, राजस्थान से राजस्थानी बांधनी सूट, बंगाल से कोलकाता सिल्क साड़ी, जूट बैग सहित मध्यप्रदेश से आई छतरपुर की पीतल की मूर्तियां आदि लोगों को भा रही हैं।



### हैंडमेड होते हैं कश्मीर के अधिकतर कपड़े

कश्मीर के कपड़ा व्यापारी फिदा हुसैन के अनुसार, कश्मीर के अधिकतर कपड़े हैंडमेड हैं, जिन्हें अनुभवी कारीगरों ने तैयार किया है। इसमें हैंडवर्क, आरीवर्क की साड़ियां उपलब्ध है। साथ ही यहां कश्मीर की कानी डिजाइन भी उपलब्ध है। कीमत 800 से 30,000 रुपए तक है। यहां की फुलकारी व कलमकारी डिजाइन की साड़ी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुहैल ने बताया, जमावार, जॉर्जेट व कॉटन क्लॉथ की कुर्तियों सहित बनारसी वर्क साड़ी खरीदारों की पहली पसंद है। इसमें मर्सराइज धाना वर्क की साड़ी, ऑर्गेंजा, कांजीवरम व गोल्डन जरी वर्क की साड़ियां भी उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 10 हजार रुपए तक है।

### 50 से अधिक डिजाइन में चाय के कप

यहां चीनी मिट्टी से निर्मित घरेलु वस्तुएं भी उपलब्ध हैं। यहां कई आकृतियों में चाय के कप आए हुए हैं, जिसकी ज्यादा डिमांड है। 50 से अधिक डिज़ाइन में उपलब्ध हैं। माइक्रोवेव फ्रेंडली क्रॉकरी भी खरीदे जा रहे हैं। चीनी मिट्टी के गमलों में ग्लॉसी व मैट डिजाइन को लोग प्राथमिकता दे रहे हैं। कारीगरों ने बताया, एक गमले को तैयार करने में कम से कम एक घंटे लगते हैं। इनकी कीमत 100 से 3000 रुपए तक है। प्रदर्शनी का कल आखिरी दिन है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रेलवे की पूनम ने जीता स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम ने फिर अपने देश का परचम पूरे विश्व में लहराया है। 27 अप्रैल से 07 मई तक कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पूनम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर के अकाउंट विभाग में अकाउंट असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। इससे पहले भी पूनम कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में देश एवं भारतीय रेलवे का परचम लहरा चुकी है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि आज विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी देश एवं भारतीय रेलवे के साथ ही साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रोशन कर रहे है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम को अंतराष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक द्वारा बधाई दी गई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

### एमएमए चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ सहित 10 टीम सेमीफाइनल में



**रायपुर।** बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में हो रहे पांच दिवसीय मिस्क्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) नेशनल चैंपियनशिप के आज तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया।जिसमें टॉप 10 ने सेमी फाइनल में जगह बना ली है।जिसमे महाराष्ट्र, जम्मू एंड कश्मीर, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मणिपुर, तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली और असम है। टूर्नामेंट में पूरे भारतवर्ष से 28 राज्यों से टीम ने भाग लिया है। जिसमे 200 महिला और 400 पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर लगभग 600 खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं। रोजाना तीनो रिंग में 200 मैच प्रतिदिन हो रहे हैं। ऑफिशियल के रूप में भारत के 50 से अधिक वेल ट्रेंड कोच और जज कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं।

### वृहद् संभागीय शतरंज स्पर्धा का मेज़बान होगा जगदलपुर



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा 28-29-और 30 जून को संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित किया गया है। 7 मई को आयोजित जिला शतरंज संघ बस्तर की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी मार्गदर्शन करने हेतु जगदलपुर प्रवास पर आए थे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बस्तर में शतरंज को आगे बढ़ाने और यहां के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलना चाहिए. इसके लिए उन्होंने आन लाईन शतरंज प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की भी बात कही और श्रेष्ठ दस बच्चों को आन लाईन प्रशिक्षण हेतु चयन करके नाम भेजने हेतु निर्देशित किया।राठी ने बताया कि प्रशासन भी बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए विशेष मदद करने हेतु सदैव तत्पर और तैयार रहता है । और इसलिए जगदलपुर में एक बहुत अच्छा संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 28,29और 30जून को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में प्रशासन का भी भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, ऐसा उन्होंने विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि बस्तर जिले से बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को आने जाने, ठहरने और भोजन की व्यवस्था नि-शुल्क रहेगी।उन्होंने जगदलपुर से अयाज़ चामड़िया ,राजेश जेना और रविंद्र कुलगुरु के आर्बिटर परीक्षा उत्तीर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आर्बिटर का सहयोग महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इनके ऊपर प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने की महती जिम्मेदारी रहती है. उन्होंने बताया प्रदेश शतरंज संघ भी प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु नेशनल आर्बिटर की व्यवस्था करेगा और उन्हीं की निगरानी और मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।अंडर 19 आयु वर्ग के बस्तर संभाग के बच्चों के लिए यह अपनी प्रतिभा सामने लाने का सुनहरा अवसर होगा । यह ओपन प्रतियोगिता भी है अर्थात इसमें हर आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं भाग ले सकती हैं। आयु वर्ग में अंडर 7, अंडर 9,अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15,तक की बालिका विजेताओं को विशेष पुरस्कार और ट्राफी प्रदान की जाएगी।

#### इस मौसम में सेहत को लेकर बरतें बेहद सावधानी

# गर्मी से कोई हो जाए बेहोश तो बिल्कुल न करें ये गलती वरना बिगड़ सकती है सेहत

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। बढ़ते तापमान को स्वास्थ्य विशेषज्ञ सेहत के लिए काफी हानिकारक मानते हैं। गर्मी-लू के कारण ब्लड प्रेशर लो होने के साथ, हृदय गति में परिवर्तन, बेहोशी-चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्मी और तेज धूप की चपेट में आने के कारण आपने भी कई लोगों में बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। अक्सर ऐसे लोगों को समय पर सही उपचार नहीं मिल पाता है जिसके कारण सेहत के और खराब होने का खतरा हो सकता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इन्हीं बातों को ध्यान रखते हुए हीटवेव से निपटने के लिए जरूरी दिशानिर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा यदि आपको या किसी को धूप लगने के कारण चक्कर आ रहा है तो उन्हें कुछ प्राथमिक चिकित्सा दी जानी चाहिए, जिससे लक्षणों को बिगड़ने से बचाया जा सके। हालांकि बेहोशी की स्थिति में कुछ चीजें करने से सेहत को नुकसान भी हो सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।



### चक्कर आने-बेहोशी से कैसे बचें

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है।पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है।ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें।जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।



### वायुमार्ग-सांस न होने पाए बाधित

बेहोश व्यक्ति के वायुमार्ग में कोई समस्या न आए और वो सही तरीके से सांस लेता रहे इसके लिए ठुड्डी को ऊपर उठाकर और सिर को एक तरफ थोड़ा झुका दें। सुनिश्चित करें कि बेहोश व्यक्ति अच्छी तरह से सांस ले रहा हो। यदि उसे सांस लेने में कोई दिक्कत है तो आवश्यकतानुसार सीपीआर दी जा सकती है। सामान्य उपचारों की मदद से भी यदि लक्षणों में कोई आराम नहीं मिल रहा है और व्यक्ति होश में नहीं आ रहा है तो बिना देर किए उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

### गर्मी के कारण बेहोशी-चक्कर आने पर क्या करें?

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्स पर किए एक पोस्ट में बताया गर्मी के कारण बेहोशी-चक्कर आने जैसी दिक्कत महसूस हो रही है तो सबसे पहले शरीर को निर्जलीकरण की समस्या से बचाने के लिए पानी पिलाएं। संभव हो तो कपड़े उतार दें और तुरंत ठंडे स्थान पर जाएं। बेहोशी-चक्कर आने के अधिकतर मामले शरीर के डिहाइड्रेट होने और शरीर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाने के कारण होते हैं। ऐसे में इन उपायों से काफी हद तक आराम मिल सकता है।

### बेहोश व्यक्ति को न पिलाएं पानी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ध्यान रहे बेहोश व्यक्ति कुछ भी निगलने में असमर्थ होता है, ऐसे में उसे जबरदस्ती कुछ भी खिलाने-पिलाने से बचना चाहिए। बेहोशी की स्थिति में भोजन या तरल पदार्थ पेट के बजाय फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं, जिससे श्वसन संबंधी परेशानी बढ़ने का खतरा रहता है। बेहोश व्यक्ति के हृदय गति और ब्लड प्रेशर की जांच करें, अगर ये बहुत बढ़ा हुआ या कम लग रहा है तो तुरंत उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।




## बार-बार स्किप नहीं होगा जिम, बस अपनाएं ये छोटे-छोटे टिप्स

फिट रहने के लिए अक्सर हम सभी जिम की मेंबरशिप तो ले लेते हैं और दो दिन जिम जाते भी हैं। लेकिन फिर जिम स्किप होने लगता है। अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है तो आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाएं।

कहते हैं पहला सुख निरोगी काया। मतलब व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है कि वह स्वस्थ रहे और इसके लिए खान-पान के साथ-साथ वर्कआउट भी करना चाहिए। कई बार यह देखने में आता है कि लोग खुद को फिजिकली फिट रखने के लिए जिम की मेंबरशिप ले लेते हैं। शुरुआत में, उनके मन में बहुत अधिक उत्साह होता है और वे जोश में जिम जाते भी हैं। लेकिन कुछ दिनों के बाद वे जिम स्किप करना शुरू कर देते हैं और ऐसा बार-बार होने लगता है।

हम सभी सोचते हैं कि कल से जिम रेग्युलर जाएंगे, लेकिन ऐसा हो ही नहीं पाता है। अमूमन इस स्थिति में हम खुद से ही झूठ बोलने लगते हैं या फिर कोई बहाने बनाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से फिटनेस गोल्स को पूरा कर पाना असंभव हो जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा है, तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ तरीके बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप जिम स्किप करने से बच सकते हैं-

### बनाएं जिम पार्टनर



अगर आपको ऐसा लगता है कि आप अपना जिम बार-बार स्किप करते हैं तो अपनी इस आदत को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप किसी को अपना जिम पार्टनर बना लें। जब आप ऐसा करते हैं तो सामने वाला व्यक्ति आपको जिम स्किप करने से रोकता है। अगर आप छुट्टी लेंगे तो वह आपको कॉल करके भी बुला लेगा। इससे आपकी आदत धीरे-धीरे बदल जाएगी।

### बदलें टाइम

अधिकतर लोगों का जिम ना जाने का यही बहाना होता है कि उनके पास टाइम नहीं होता है। अगर आप शाम को ऑफिस से लौटकर जिम जाने का प्लॉन करते हैं तो यह संभव है कि आप बहुत थक गए हों और जिम स्किप कर दें। ऐसे में आप अपना टाइम बदलें। अगर आपकी दय से छह की जॉब है तो आप सुबह 5 बजे जिम जाने का नियम बनाएं। जब आप अपने शेड्यूल को सही तरह से सेट करते हैं तो जिम स्किप करने की संभावना ना के बराबर हो जाती है।

### पर्सनल ट्रेनर को करें हायर


अगर आपको ऐसा लगता है कि आप खुद से वर्कआउट के लिए मोटिवेट नहीं हो पाते हैं या फिर बार-बार जिम स्किप करते हैं तो ऐसे में पर्सनल ट्रेनर को हायर करना अच्छा आइडिया है। एक पर्सनल ट्रेनर आपको सिर्फ सही तरह से वर्कआउट करने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि वह आपको लगातार मोटिवेट भी करता है, जिससे आप जिम स्किप नहीं करते हैं। साथ ही साथ, वे आपके फिटनेस गोल्स और फिजिकल स्ट्रेन्थ को समझते हुए वर्कआउट करवाते हैं, जिससे आपको अच्छे रिजल्ट भी मिलते हैं।

### इंटेसिटी का रखें ध्यान

कई बार लोग शुरुआत में बेहतर रिजल्ट पाने के चक्कर में बहुत अधिक इंटेंस वर्कआउट करते हैं। हालांकि, ऐसा करने से उन्हें चोट लग जाती है या फिर बहुत अधिक बॉडी पेन होता है और वे जिम स्किप कर देते हैं। इसलिए आप इस बात का खास ध्यान रखें कि आप हैवी वर्कआउट करने से बचें।



## वैशाख माह में सूर्य देव को किस धातु के बर्तन से करें जल अर्पित?



हिन्दू धर्म में सूर्य को अर्घ्य देने का बहुत महत्व माना जाता है। सूर्य को अर्घ्य देने से घर में सुख-समृद्धि का वास स्थापित होता है। हालांकि शास्त्रों में सूर्य को अर्घ्य देने से जुड़े कई नियम बताये गए हैं। अगर इन नियमों की अनदेखी की जाए तो इससे कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होने लगती है और दुर्भाग्य जाग जाता है। इसलिए इन नियमों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, किस माह में सूर्य को किस धातु के बर्तन से अर्घ्य देना चाहिए इसके बारे में भी शास्त्रों में वर्णित है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि विशाख माह में सूर्य को किस धातु के बरता से अर्घ्य देना उचित होता है।

### वैशाख माह में कैसे बर्तन से दें सूर्य को अर्घ्य?

धर्म शास्त्रों के अनुसार, यूं तो शास्त्रों में सूर्य को तांबे के बर्तन से जल देना शुभ और लाभकारी माना गया है, लेकिन वैशाख माह में सूर्य को अष्ट धातु से बने बर्तन से ही अर्घ्य देना चाहिए। अष्ट धातु से बने बर्तन में सोना, चांदी, तांबा, सीसा, जस्ता, टिन, लोहा और पारा सभी धातुओं का मिश्रण होता है।

अष्ट धातु के बर्तन से सूर्य को वैशाख माह में अर्घ्य देने से न सिर्फ सूर्य की कृपा प्राप्त होती है और भाग्य साथ देने लगता है बल्कि अष्ट धातु में मिश्रित हर एक धातु से जुड़े ग्रह का भी शुभ प्रभाव नजर आने लगता है। उदाहरण के तौर पर, सोने का नाता सूर्य से है। ऐसे में सूर्य की शुभता मिलेगी।

वहीं, चांदी का नाता चंद्रमा से माना जाता है। अष्ट धातु में मिश्रित चांदी के प्रभाव से चंद्रमा की स्थिति कुंडली में मजबूत बनती है। निर्णय लेने की क्षमता व्यक्ति में बढ़ती है। मानसिक तनाव से भी छुटकारा मिलता है। इसके अलावा, तांबे का ग्रह मंगल है जिससे वैअवाहिक जीवन में खुशहाली आएगी।

## घर का मुख्य द्वार खोलने पर दिखें ऐसी चीजें तो हो सकता है वास्तु दोष



हम सभी अपने घर के भीतर और बाहर आने वाली किसी भी नकारात्मक ऊर्जा से बचने के लिए कई तरह के उपाय आजमाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यदि आपके घर में कोई भी वास्तु दोष है तो आपके काम बिगड़ने लगते हैं और मेहनत का पूरा फल भी नहीं मिलता है। घर की समृद्धि के लिए वास्तु का ठीक होना जरूरी है। खासतौर पर जब आपके घर के मुख्य द्वार पर ही चीजें ठीक से नहीं रखी जाती हैं तो जीवन में बेवजह समस्याएं आने लगती हैं। वहीं अगर आपके मुख्य द्वार के ठीक सामने कुछ चीजें रखी होती हैं या फिर दरवाजा खोलते ही सामने कुछ नकारात्मक चीजें दिखाई देती हैं तो ये आपके जीवन में विपरीत प्रभाव डाल सकती हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इसके बारे में विस्तार से।

### घर के सामने कचरे का ढेर होना

अगर आपका मुख्य द्वार का दरवाजा खोलते ही सामने कचरे का ढेर दिखाई देता है तो ये नकारात्मक संकेत होता है। ऐसा माना जाता है कि ये नकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत होता है। यदि ये ढेर आपके घर के ठीक सामने होगा तो घर से बाहर निकलते ही आपके मन में नकारात्मक बातें आने लगेंगी जिसका प्रभाव आपके काम में भी होगा और आपके बनते काम भी बिगड़ने लगेंगे।

### घर के सामने कांटेदार पौधे होना

घर के सामने कभी भी कांटेदार पौधे नहीं लगे होने चाहिए जैसे कैक्टस अगर आपके मुख्य द्वार के ठीक सामने लगा है तो इससे घर के लोगों को मानसिक तनाव हो सकता है। इस तरह के घर में बिना वजह तनाव होते हैं और घर के सभी लोग परेशानियों से घिरे रहते हैं।

# गर्मी के मौसम में ऐसे करें घर का मेकओवर, हर कोई करेगा तारीफ

वर्तमान समय में लोग अपने घर को त्योहार और मौसम के हिसाब डेकोरेट और सेट करना पसंद करते हैं। खासतौर से गर्मी के मौसम में घर को अलग तरीके से सेट करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में घर से जल्दी बदबू आने लगती है। इस मौसम में अगर आप अपने घर को सही तरीके से सेट करके रखेंगी, तो इस समस्या का सामना करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे मेकओवर आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप गर्मी के हिसाब से इसे डेकोरेट कर सकती है।

### नेचुरल लुक पसंद करने वाले करें ये काम

अगर आपको नेचुरल लुक पसंद है तो फूल पत्तियों के प्रिंट वाले कॉटन कुशन, सोफा कवर और टेबल कवर बिछाएं। इसके अलावा कमरे को और आकर्षक बनाने के लिए दीवारों पर प्रिंटेड कॉटन कर्टन लगाएं।

### कमरे में लगाएं सीजनल प्लांट्स

घर को प्राकृतिक लुक देने के लिए घर के अंदर और चारों ओर पत्तेदार पौधे लगाएं। इंडोर प्लांट्स घर के इंटीरियर लुक को बढ़ाने का काम करता है। प्लांट नेचुरल एयर फिल्टर की तरह काम करते हैं, जो घर की वायु को



शुद्ध रखते हैं। फर्न्स और ऑर्किड्स जैसे प्लांट को आप बालकनी और घर में लगा सकती हैं।

**सुगंधित मोमबत्ती का करें इस्तेमाल :** अच्छी सुगंध हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है। ऐसे में आप अपने कमरे व घर में सुगंधित मोमबत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अगर आप कमरे में ताजगी और प्यारी सी सुंगध चाहते हैं, तो फ्रेग्रेंस कैंडल का यूज करें। गर्मी के मौसम में कमरे बहुत ज्यादा गर्म होने लगते हैं। इससे बचने के लिए आप पर्दे और ब्लाइंड का उपयोग कर सकते हैं। ये दोनों चीजें सूरज की किरणों को कमरे में आने से रोकती है, जिससे हवा की मदद से गर्म लू अंदर नहीं आती है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्टीवन स्पीलबर्ग का अगला प्रोजेक्ट आएगा एक कालजयी उपन्यास पर


स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक यह फिल्म अभी बहुत शुरुआती चरण में है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि स्पीलबर्ग इस फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। वे केवल इसका निर्माण करेंगे। फिलहाल, इस पर ए 24 की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।




मैकब्राइड का उपन्यास 1920 और 1930 के दशक में पॉट्सटाउन पेंसिल्वेनिया के चिकन हिल के पड़ोस में रहने वाले अश्वेत और यहूदी निवासियों की कहानी बयां करता है। इस उपन्यास की काफी सराहना हो चुकी है। एनपीआर की ओर से इसे 2023 की सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों में से एक बताया गया था। वहीं, यह पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की 2023 की उनकी पसंदीदा पुस्तकों की सूची में भी शामिल थी। मैकब्राइड की यह कहानी अश्वेत और यहूदी निवासियों के जीवन को जटिल रूप से एक साथ जोड़ती नजर आती है। कहानी 1972 में एक खोज की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसकी शुरुआत एक कुएं की गहराई से एक कंकाल का पता लगने से होती है।

### टॉलीवुड

## 'डीएनए' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, नेल्सन की कारीगरी ने किया हैरान



अथर्व के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आगामी फिल्म के निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। निर्माताओं ने मुख्य जोड़ी, अथर्व और निमिषा सजयन के साथ फिल्म 'डीएनए' का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है। दोनों कलाकार एक-दूसरे को गले लगते हुए बेहद कोमल मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जबकि पोस्टर के दूसरे हिस्से में अथर्व का गुस्से वाला लुक देखने को मिला है। पोस्टर की थीम एक मजबूत क्राइम थ्रिलर की ओर इशारा करती है, जिसकी पृष्ठभूमि में एक प्रेम कहानी है। कुल मिलाकर, दर्शक एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर का इंतजार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पोस्टर में एक टैगलाइन भी है जिसमें लिखा है, 'दो धागे एक-दूसरे के चारों ओर घूमकर एक मुड़ी हुई सीढ़ी बनाते हैं।' पोस्टर और इसकी टैगलाइन ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। इस देखने के बाद दर्शकों के जहन में सवाल उठने लगा है कि क्या यह एक टेढ़ी-मेढ़ी बदले की कहानी है? या, जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, क्या यह एक और मेडिकल क्राइम थ्रिलर है? 'ओरु नाल कुथु', 'फरहाना' और 'मॉन्स्टर' फेम नेल्सन वेंकटेशन द्वारा लिखित और निर्देशित 'डीएनए' को एक क्राइम थ्रिलर माना जा रहा है। फिल्म जयंती अंबेथकुमार द्वारा निर्मित है, जिन्होंने पहले 2023 की हिट कविन अभिनीत दादा का निर्माण किया था। निर्माताओं ने अभी तक बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, अभिनेता रमेश थिलक को फिल्म का हिस्सा बताया जा रहा है। तकनीकी मोर्चे पर, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी पार्थिबन द्वारा और संपादन वीजे साबू जोसेफ द्वारा किया गया है। जल्द ही रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक नेल्सन ने खुलासा किया कि अथर्व फिल्म में एक नए लुक में हैं। फिल्म निर्माता ने खुलासा किया, 'फिल्म में अथर्व एक नए लुक में नजर आएंगे, जो फिल्म के आश्चर्यों में से एक होगा।' नेल्सन ने कहा, 'उनका किरदार थोड़ा अपरंपरागत है और कुछ ऐसा होगा जो हमने पहले अपनी फिल्मों में नहीं देखा है।' उन्होंने यह भी बताया कि यह पहली बार है जब उन्होंने इस शैली में काम किया है।

### भोजपुरी

## सुसाइड या मर्डर के बीच उलझी भोजपुरी एक्ट्रेस अमृता पांडेय की मौत की गुत्थी



भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडे की बीते हफ्ते मौत हो गई थी। अमृता का शव फ्लैट में मिलने के बाद इलाके में सनसनी मच गई। मौत के बाद शुरू से ही आत्महत्या की बात कही जा रही थी। लेकिन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमृता ने सुसाइड नहीं किया था, बल्कि गला दबाकर उनकी हत्या की गई थी। वहीं एफएसएल की रिपोर्ट में आत्महत्या का दावा किया गया है। ऐसे में पुलिस के लिए यह गुत्थी और उलझती जा रही है। रिपोर्ट की मानें तो अब पुलिस उन डाक्टरों से दोबारा बातचीत करना चाहती है जिन्होंने अमृता का पोस्टमार्टम किया था। चिट्ठी के जरिए डॉक्टरों से अलग-अलग सवाल पूछे जाएंगे, इस दौरान अगर फिर कोई नई जानकारी सामने आती है तो इसके आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ाएगी। वहीं इस मामले में भागलपुर के एसएसपी आनंद कुमार का कहना है कि एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट दोनों सामने आ चुकी हैं। लेकिन दोनों रिपोर्ट में फर्क है।

एक रिपोर्ट में आत्महत्या बताई गई है वहीं दूसरे में गला दबाकर हत्या करने की बात कही जा रही है। इस मामले के हर पहलू से जांच के लिए फॉरेंसिंक साइंस के एचओडी से पैनल बनाकर जांच के लिए आग्रह किया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



लाइफ स्टाइल

### कोलाज का जादू

एडवर्ड कनारेकी एक नौजवान पोलिश कोलाज कलाकार हैं। एडवर्ड की खासियत फोटोग्राफी के माध्यम से अद्भुत कोलाज रचते हैं। गर्मी के इस मौसम में एडवर्ड ने कुछ मॉडल के साथ पानी दृश्य संयोजन किया है। अपने कलात्मक काम के माध्यम से एडवर्ड फैशन पर एक अद्वितीय दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए उनकी हर कृति सराही जाती है।

## पतले होठों पर लिपस्टिक लगाने का सही तरीका



सदियों से महिलाएं अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। खासतौर पर वो महिलाएं जो घर से बाहर काम करने जाती हैं, वो अपनी खूबसूरती और आत्मविश्वास को और ज्यादा बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं।

पहले के समय में तो लिपस्टिक के लिमिटेड रंग ही देखने को मिलते थे, लेकिन आज के समय में आप अपनी स्किन टोन, लिप टाइप के हिसाब से लिपस्टिक खरीद सकती हैं। बहुत सी महिलाओं के होंठ काफी पतले होते हैं, ऐसे में उन्हें लिपस्टिक लगाते समय काफी सोचना पड़ता है।

महिलाओं की इसी परेशानी को देखते हुए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स बताएंगे जो पतले होंठों पर लिपस्टिक लगाने में काफी मदद करेंगी। इन टिप्स को अपनाने के बाद आपके होंठ और भी ज्यादा खूबसूरत लगेंगे। तो चलिए देर न करते हुए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**रंग हो सही:** लिपस्टिक लगाते समय उसके रंग का खास ध्यान रखें। अक्सर देखा जाता है कि जो गहरे रंग होते हैं, उनके इस्तेमाल से होंठ पतले लगते हैं। ऐसे में आप गहरे रंगों को छोड़कर पीच, बेरी और न्यूड रंग का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लिप ग्लॉस है जरूरी:** अपने होंठों को फिलर दिखाने के लिए लिपस्टिक के साथ लिप ग्लॉस का इस्तेमाल अवश्य करें। इसके लिए आपको बाजार में अच्छी क्वालिटी के न्यूड या पीच रंग का लिप ग्लॉस आसानी से मिल जाएगा।

**लिप लाइनर जरूर लगाएं:** लिपस्टिक को सही आकार देने के लिए सबसे पहले लिप लाइनर का ही इस्तेमाल करें। इसे लगाते वक्त ध्यान रखें कि इसकी मदद से आपको बस होंठों को आकार देना है। अगर आप इसे ज्यादा ऊपर से लगाएंगी, तो आपके होंठ खराब भी दिख सकते हैं।

**मैट लिपस्टिक से बनाएं दूरी:** अगर आपके होंठ पतले हैं तो मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल न करें। मैट की बजाए आपको ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना ज्यादा सही रहेगा।

## मदर्स डे पर मम्मी को तोहफे में देनी है साड़ी तो हाजिर है लेटेस्ट डिजाइन




मदर्स डे का दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। ये ऐसा दिन है, जब आप अपनी मां को उनके खास होने का एहसास करा सकते हैं। मदर्स डे का दिन मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल ये दिन मई का दूसरा रविवार 12 मई को है। इसी के चलते लोगों ने ये सोचना शुरू कर दिया है कि वो अपनी मां को किस तरह से खास फील कराएंगे। अगर आप अपनी मम्मी को कुछ तोहफा देने का सोच रहे हैं, लेकिन संशय में हैं कि क्या दें तो साड़ी एक बेहतरीन विकल्प है।



दरअसल, ज्यादातर महिलाओं को साड़ी पहनना पसंद होता है। ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप साड़ी खरीद सकते हैं। अगर आप ऐसी साड़ी लेकर अपनी मम्मी को तोहफा देंगी, तो वो ये देखकर जरूर खुश होंगी।

**रानी मुखर्जी:** अगर आप हल्के फैब्रिक की साड़ी अपनी मां को तोहफे में देना चाहते हैं, तो ऐसी ब्लैक और रेड रंग की शिफॉन फैब्रिक की साड़ी एक बेहतर विकल्प है। ये काफी हल्की होती है, ऐसे में गर्मी के मौसम में आपकी मां इसे आसानी से कैरी कर सकेंगी।


**हेमा मालिनी:** अगर आपकी मम्मी को बॉर्डर वाली साड़ी पसंद है तो आप इस तरह की साड़ी खरीद सकते हैं। ऐसी साड़ी आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। आप चाहें तो इसके साथ पहनने के लिए आप उन्हें आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी तोहफे में दे सकते हैं।

**नीना गुप्ता:** बहुत सी महिलाओं को हल्के रंग काफी पसंद होते हैं। ऐसे में आप चाहें तो उन्हें ऐसी साड़ी दे सकते हैं। इस साड़ी के साथ आप अपनी मम्मी को ऑक्सीडाइज ज्वेलरी भी तोहफे में दे सकते हैं।

**विद्या बालन:** बहुत सी महिलाओं को सिल्क की साड़ी पहनना पसंद होता है, ऐसे में आप उन्हें विद्या बालन के जैसी सिल्क की साड़ी तोहफे में दे सकते हैं। ऐसी हैवी पल्लु वाली साड़ी देखने में काफी प्यारी लगेगी।

**भाग्यश्री:** अगर आपकी मम्मी को अलग तरह की साड़ी पहनना पसंद है तो ऐसी फ्रिल वाली साड़ी उनके लिए एक परफेक्ट विकल्प है। वो ऐसी साड़ी किसी शादी-विवाह में भी कैरी कर सकती हैं।

## त्वचा की केयर करने के लिए इन नेचुरल चीजों का करें इस्तेमाल



स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं लेकिन ये प्रोडक्ट्स काफी महेंगे होते हैं जिसकी वजह से खर्च काफी बढ़ जाता हैं। वहीं अगर कम दाम में स्किन की केयर चाहती हैं तो आप इन नेचुरल चीजों को त्वचा की केयर करने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इन नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करें से जहां चेहरा ग्लो करेगा तो वहीं स्किन से जुड़ी समस्या भी कम हो सकती है।

**हल्दी:** त्वचा की करने के लिए आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकती हैं। हल्दी कई सारे गुण होते हैं साथ ही इसमें औषधीय गुण भी हैं जो त्वचा की केयर करने के लिए फायदेमंद साबित हैं। हल्दी का इस्तेमाल करने से जहां चेहरे पर ग्लो आता हैं तो वहीं हल्दी स्किन की प्रोब्लेम्स को भी कम करती है। हल्दी को आप बेसन और दही के साथ इस्तेमाल कर सकती हैं।

**इस तरह करें इस्तेमाल:** बेसन और दही में थोड़ी-हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को त्वचा पर अप्लाई करें। पेस्ट सूख जाने के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 से 3 दिन करें।

**कच्चा दूध:** कच्चा दूध भी स्किन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता हैं।कच्चे दूध में प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स और फैटी एसिड्स होता हैं और ये सभी गुण से त्वचा में कसाव आता है साथ ही कच्चा चे दूध मॉइश्चराइजर की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं कच्चा दूध टैनिंग को कम करने में मददगार है।

## मिरर वर्क आउटफिट को समर वेडिंग में करें स्टाइल, देखें लेटेस्ट डिजाइन



शादियों का सीजन शुरू होते ही लोगों की शॉपिंग शुरू हो जाती है। कोई अपने लिए लहंगा खरीदता है, तो किसी को साड़ी खरीदना काफी पसंद होता है। हम अक्सर वहीं डिजाइन को खरीदते हैं, जो सबसे ज्यादा ट्रेंड में होते हैं। अगर आपको भी ट्रेंड फॉलो करना पसंद है तो इसके लिए आप इस बार शादी में मिरर वर्क आउटफिट को स्टाइल करें। इसमें लुक काफी अच्छा और यूनिक लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइनर कपड़ों को आप स्टाइल कर सकती हैं।


**मिरर वर्क इंडो वेस्टर्न आउटफिट :** शादी में पहनने के लिए कुछ नया ट्राई कर सकती हैं। इस बार आप लहंगा या साड़ी की जगह इंडो-वेस्टर्न आउटफिट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट दिखने में काफी क्लासी लगते हैं। लेकिन पहनने के बाद परफेक्ट लुक देते हैं। आप इस तरह के आउटफिट के साथ अगर नेट की श्रग स्टाइल जैकेट को वियर करेंगी, तो इससे लुक और भी अच्छा लगेगा। इस तरह के आउटफिट आपको मार्केट में 1000 रुपये से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।


**कार्नर न्यूज**

### साल 2024 पर हेयर स्टाइल की दुनिया में आया है लेटेस्ट फैशन

## मेंस के लिए हॉट और ट्रेंडिंग हेयर स्टाइल , लोग करेंगे तारीफ

*पुरुषों के हेयर स्टाइल की दुनिया विकसित हो रही है, नए और रोमांचक रुझान सामने ला रही है। चाहे आप क्लासिक लुक का लक्ष्य रख रहे हों या कुछ बोल्ड और समकालीन, इस साल पुरुषों के लिए हेयर स्टाइल विविध प्रकार के विकल्प प्रदान करते हैं। इस साल 2024 में पुरुषों के लिए ट्रेंडिंग और हॉट हेयर स्टाइल आपको जानना जरूरी है।*





### लड़कों के लिए आधुनिक पोम्पडौर

आधुनिक मोड़ के साथ एक कालातीत क्लासिक, पोम्पडॉर पुरुषों के बाल फैशन में एक प्रमुख पहचान बना हुआ है। 2024 में, बनावट वाले टॉप और फीके किनारों के साथ विविधताएं देखने की उम्मीद है, जो इस प्रतिष्ठित शैली में एक आकर्षक खिंचाव जोड़ देगा। इसमें चेहरे का आकार अंडाकार या चौकोर ठीक रहेगा। घने और सीधे बाल इस डिजाइन के लिए सही है।

### मेस्सी क्विफ़

जो लोग थोड़ा अलग लुक पसंद करते हैं, उनके लिए मेस्सी क्विफ ही सही डिजाइन है। यह शैली पॉलिश और कैजुअल के बीच सही संतुलन बनाती है, जो इसे औपचारिक और कैजुअल दोनों अवसरों के लिए उपयुक्त बनाती है। इसके लिए अंडाकार , गोल या चौकोर चेहरा और हर प्रकार के बाल सही है।

### मिड लेंथ वेव्स

मध्य-लंबाई वाली वेव्स के साथ अपनी प्राकृतिक बनावट को अपनाएं, एक प्रवृत्ति जिसने 2023 में गति पकड़ी और 2024 में भी फल-फूल रही है। यह हेयरस्टाइल एक शांत, समुद्र तट जैसा माहौल देती है जो आधुनिक दौर के पुरुषों के लिए एकदम सही है।इसके लिए अंडाकार , गोलाकार या दिल के आकार का चेहरा और प्राकृतिक रूप से लहरदार या घुंघराले बाल उचित है।

### टैक्चर्ड क्रॉप

टैक्चर्ड क्रॉप डिजाइन युवाओं में लगातार लोकप्रियता हासिल कर रही है, जो कम रखरखाव के बावजूद स्टाइलिश विकल्प प्रदान करती है। अपनी छोटी लंबाई और बनावट वाले शीर्ष के साथ, यह हेयरकट एक आकस्मिक और सहजता से शांत सौंदर्य को दर्शाता है। इसके लिए चेहरे का आकार अंडाकार या गोलाकार हो और सीधे, मोटे और लहरदार बाल पर यह डिजाइन खिलती है।

### स्लिक साइड पार्ट

2024 में स्लिक साइड पार्ट डिजाइन लोकप्रियता के साथ एक आकर्षक बदलाव के साथ हमारे सामने है। यह डिजाइन उन लोगों के लिए आदर्श है, जो परिष्कृत और क्लासिक लुक पसंद करते हैं। स्लिक साइड पार्ट विभिन्न प्रकार के बालों और चेहरे के आकार के लिए उपयुक्त है। विशेषकर अंडाकार या चौकोर चेहरा होना चाहिए और हर प्रकार के बालों पर यह डिजाइन उभर कर सामने आती है।

### डिज़ाइन के साथ बज़ कट

बोल्ड और साहसी लोगों के लिए, बज़ कट को रचनात्मक डिज़ाइन और पैटर्न के साथ अपग्रेड किया गया है। यह प्रवृत्ति आत्म-अभिव्यक्ति की अनुमति देती है। एक साधारण कट को एक अद्वितीय और आकर्षक रूप में बदल देती है। यह डिजाइन किसी भी प्रकार के चेहरे और किसी भी प्रकार के बाल पर बनवाई जा सकती है।

### टैपर्ड फेड

लेटेस्ट फैशन के सर्वोत्तम संयोजन से, शीर्ष पर लंबाई के साथ टैपर्ड फेड स्टाइल में आपकी बहुमुखी प्रतिभा को उभारते हुए एक चमकदार मौजूदगी प्रदान करता है। यह हेयरकट विभिन्न प्राथमिकताओं के अनुरूप है और इसे आसानी से डिजाइन किया जा सकता है। इसके लिए अंडाकार , चौकोर या डायमंड के आकार के चेहरे और किसी भी प्रकार के बालों पर खिलते हैं।